पौष कृष्ण पक्ष द्वितीया संवत् 2082 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-09, अंक - 153 पेज 8, मूल्य 2 रुपए
डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26
भोपाल
06 दिसंबर 2025 शनिवार

आज का मौसम
23.7 अधिकतम
6.9 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर
# दोपहर मेट्रो



Page-7

## आज भी 400 उड़ानें रद्द, सुप्रीम कोर्ट पहुंचा मामला - जनहित याचिका दायर

# इंडिगो के आगे झुकी सरकार अब एक्शन मोड में, मंत्री बोले- जिम्मेदारी तय होगी

**नईदिल्ली/भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी इंडिगो के ऑपरेशन में लगातार पांचवें दिन भी सुधार नहीं दिख रहा है। देश के कई एयरपोर्ट से आज भी 400 से ज्यादा फ्लाइट कैंसिल कर दी गई हैं। दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु और चेन्नई एयरपोर्ट पर रातभर पैसेंजर परेशान दिखे। इससे पहले चार दिन में रद्द उड़ानों की संख्या 2,000 से ज्यादा हो गई है। पिछले 4 दिन सें रोजाना औसतन 500 फ्लाइट लेट हो रही हैं।

इंडिगो का कहना है कि फ्लाइट ऑपरेशन नॉर्मल होने में 15 दिसंबर तक का समय लगेगा। उधर, यात्रियों की पांच दिनों से चली आ रही भारी फजीहत के बाद अब सिविल एविएशन मंत्री राम मोहन नायडू ने कहा कि फ्लाइट संचालन से जुड़े नए नियम 1 नवंबर से लागू हैं, लेकिन किसी अन्य एयरलाइन को दिक्कत नहीं आई। जिससे साफ है कि गलती इंडिगो की है। एयरलाइन की लापरवाही की जांच होगी और जिम्मेदारी तय होने के बाद एक्शन तय है। इससे पहले एयरलाइन कंपनी की एक तरह की ब्लैकमेलिंग के आगे झुककर सरकार इंडिगो को नियमों से दो महीनों तक की छूट दे चुकी है।

वीकली रेस्ट के बदले कोई भी छुट्टी नहीं देने के फैसले को वापस ले लिया। डीजीसीए ने नवंबर से पायलटों और बाकी क्रू मेंबर्स के काम से जुड़े नियमों में बदलाव किए थे। इसे फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशन नाम दिया गया है। इन्हें दो चरणों में लागू किया गया। नए नियमों में यात्रियों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए पायलटों और क्रू को पर्याप्त आराम देने पर जोर दिया गया है। इस कारण इंडिगो के पास पायलट-क्रू मेंबर्स की कमी हो गई है। दूसरी और गंभीर होते जा रहे एयरलाइन संकट के चलते सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका दायर की गई है। इसमें इंडिगो की गड़बड़ी में तुरंत कानूनी दखल की मांग की गई है। याचिका में बड़े पैमाने पर फ्लाइट कैंसिलेशन और देरी को मानवीय संकट और यात्रियों के अधिकारों का उल्लंघन बताया गया है।



### तीन लाख से ज्यादा लोग हुए प्रभावित

इंडिगो संकट के चलते सबसे ज्यादा यात्रियों को परेशानी उठानी पड़ रही है और बीते चार दिनों में 3 लाख से ज्यादा लोग सीधे तौर पर प्रभावित हुए हैं। शुक्रवार को दिल्ली हवाई अड्डे से उड़ान भरने वाली इंडिगो की सभी उड़ानें रद्द कर दी गईं थीं। कई यात्री 24 घंटे से ज्यादा समय से हवाई अड्डों पर फंसे हैं। हवाई अड्डों पर अफरा-तफरी का माहौल है।

### भोपाल में इंडिगो का संकट पुणे-मुंबई की उड़ानें ठप

देश में चल रहे इंडिगो उड़ानों के रद्द होने के संकट का असर राजधानी भोपाल में भी बड़े पैमाने पर देखने को मिल रहा है। राजा भोज एयरपोर्ट पर इंडिगो एयरलाइंस की लगातार फ्लाइट कैंसिल होने से यात्रियों की परेशानी बढ़ती ही जा रही है। आज भोपाल से पुणे जाने वाली फ्लाइट रद्द कर दी गई है। वहीं भोपाल से मुंबई जाने वाली फ्लाइट भी रद्द हो गई है। हैदराबाद जाने वाली फ्लाइट देरी से चल रही है, जबकि इंडिगो की रायपुर और बेंगलुरु जाने वाली फ्लाइट्स समय पर हैं।

### एमपी में अब तक 150 से ज्यादा फ्लाइट कैंसिल

भोपाल-इंदौर समेत पूरे प्रदेश में अब तक 150 से ज्यादा फ्लाइट्स कैंसिल हो चुकी हैं। इस संकट का सबसे ज्यादा असर भी इंदौर में ही देखने को मिला है। यहां करीब 100 उड़ानें कैंसिल हुई हैं। शुक्रवार को भोपाल से 18 और जबलपुर से 5 उड़ानें रद्द रहीं। कई यात्री दो दिन से फ्लाइट का इंतजार कर रहे हैं। इंडिगो एयरलाइंस क्रू मेंबर्स की कमी से जूझ रही है। वहीं दूसरी एयरलाइंस ने किराया तीन से चार गुना तक बढ़ा दिया है, जिससे यात्रियों की मुश्किलें और बढ़ गई हैं।

### संकट से उबारने रेलवे का कदम - 37 ट्रेनों में 116 अतिरिक्त कोच, स्पेशल ट्रेनें भी

यात्रियों की परेशानी को देखते हुए रेलवे आगे आया है। यात्रियों की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए रेलवे ने अतिरिक्त कोचों के साथ चार स्पेशल ट्रेनें चलाने का भी फैसला किया है। इनमें गोरखपुर-आनंद विहार टर्मिनल-गोरखपुर स्पेशल (05591/05592) शामिल है, जो 7 से 9 दिसंबर 2025 के बीच चार ट्रिप पूरी करेगी। इसके अलावा नई दिल्ली-शहीद कैप्टन तुषार महाजन-नई दिल्ली वंदे भारत स्पेशल (02439/02440) भी 6 दिसंबर 2025 को संचालित होगी। पश्चिमी रेलवे भी भीड़ को देखते हुए नई दिल्ली-मुंबई सेंट्रल-नई दिल्ली रिज़र्व्ड सुपरफास्ट स्पेशल (04002/04001) को 6 और 7 दिसंबर 2025 को चलाएगा। साथ ही हज़रत निज़ामुद्दीन-तिरुवनंतपुरम सेंट्रल सुपरफास्ट स्पेशल (04080) 6 दिसंबर 2025 को एक तरफा सेवा के रूप में चलेगी।




# होम गार्ड जवानों के लिए स्थायी आवास बनाएगी सरकार : सीएम

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

प्रदेश में आज होम गार्ड्स और नागरिक सुरक्षा संगठन का 79वां स्थापना दिवस राज्य स्तरीय समारोह के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री मोहन यादव ने होम गार्ड्स के लिए स्थायी आवास देने की घोषणा की। इसके अलावा, अदम्य साहसिक कार्य सम्मान पुरस्कार देने की बात भी कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि होम गार्ड एक ऐसा अनुशासित समूह है जो हर परिस्थिति में अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन करता है। मुख्यमंत्री ने बताया कि 2014 में एनडीआरएफ का गठन हुआ था और तब से इस बल ने उत्कृष्ट तरीके से अपना कर्तव्य निभाया है। उन्होंने जानकारी दी कि इंदौर में एनडीआरएफ और एसडीआरएफ के जवानों को विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिसका उपयोग आगामी उज्जैन सिंहस्थ में किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि 10 रेस्क्यू टीमों को 51 हजार रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा।

## मंडी में गहरी खाई में गिरी कार, 2 जवानों की मौत

**मंडी, एजेंसी।**

हिमाचल प्रदेश के जिला मंडी में एक कार हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। कार सड़क से करीब 600 मीटर गहरी खाई में जा गिरी। युवक दोस्त की शादी में शामिल होने जा रहे थे। दोनों युवक भारतीय सेना में सेवारत थे। युवक दोस्त अमर की शादी के लिए ब्रेगन गांव जा रहे थे। दो गाड़ियों में ये लोग शादी के लिए मंडी से निकले थे। हादसे में 32 वर्षीय सेना के जवान नितेश पुत्र स्वर्गी सुरेश कुमार निवासी टारना हिल थनेहड़ा मुहल्ला मंडी और जेएंडके राइफल में तैनात महेन्द्र कुमार पुत्र मोती राम गांव दूसरा खाबू डाकघर सरद्वार, तहसील बल्ह, जिला मंडी की मौत हो गई। ये दोनों एचपी 33 जी 0204 नंबर की किया सोनेट गाड़ी में सवार थे। दूसरी गाड़ी में सवार दोस्तों ने बताया कि वे मंडी से करीब शाम 6 बजे चले थे। 8.15 बजे जब वे दरलोग के पास पहुंचे तो उनके पीछे चल रही दोस्तों की गाड़ी नहीं थी।

## बीड़ी पीते अरुंधति की फोटो नियम विरुद्ध नहीं : कोर्ट

**नईदिल्ली, एजेंसी।**

सुप्रीम कोर्ट ने लेखिका अरुंधति रॉय की किताब के कवर पर बीड़ी पीते हुए उनकी तस्वीर को लेकर एक अहम फैसला सुनाया। कोर्ट ने कहा कि यह तस्वीर सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद (विज्ञापन का निषेध और व्यापार, वाणिज्य, उत्पादन, आपूर्ति और वितरण का विनियमन) अधिनियम, 2003 का उल्लंघन नहीं करती है।



इसलिए, इस पर किसी वैधानिक चेतावनी की जरूरत नहीं है। यह फैसला एक ऐसी याचिका पर आया था जिसमें कहा गया था कि यह तस्वीर तंबाकू उत्पादों को बढ़ावा दे सकती है। याचिकाकर्ता राजासिम्हन की ओर से पेश हुए वरिष्ठ वकील एस. गोपाकुमारन ने केरल हाईकोर्ट के उस फैसले को चुनौती दी जिसमें उनकी उस याचिका को सुनने से इनकार कर दिया गया था जिसमें कवर पेज पर वैधानिक चेतावनी प्रकाशित करने की मांग की गई थी।

## न्यूज विंडो

### गायिका नेहा की अग्रिम जमानत याचिका खारिज

**लखनऊ, एजेंसी।** इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने पहलगाम आतंकी हमले के पश्चात इंटरनेट मीडिया पर कथित अनर्गल, विवादित व देश विरोधी पोस्ट करने की आरोपित भोजपुरी लोक गायिका नेहा सिंह राठौर की अग्रिम जमानत याचिका को खारिज कर दिया है। न्यायालय ने माना है कि विवेचना अधिकारी के समक्ष उपस्थित होने के दो सदस्यीय खंडपीठ के आदेश के बावजूद अभियुक्त विवेचना में सहयोग नहीं कर रही है, जबकि दो सदस्यीय खंडपीठ के इस आदेश के विरुद्ध उसकी विशेष अनुमति याचिका भी सुप्रीम कोर्ट से खारिज हो चुकी है। यह आदेश न्यायमूर्ति बृजराज सिंह की एकल पीठ ने पारित किया है।

### एमपी के मंत्री के बहनोई सहित 5 तस्कर गिरफ्तार

**सतना, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के बांदा जिले की नरैनी पुलिस ने मध्य प्रदेश के एक राज्यमंत्री के रिश्तेदार सहित पांच अंतर्राज्यीय गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए गिरोह के पास से 10 किलो 400 ग्राम गांजा, एक 315 बोर का तमंचा, कारतूस, कार और बाइक बरामद हुई है। गिरोह मध्यप्रदेश की सीमावर्ती क्षेत्रों के रास्ते नशा तस्करी करता था। गिरफ्तार आरोपियों में एमपी की राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी के बहनोई का नाम सामने आने से राजनीतिक हलकों में खलबली मच गई है। इससे पहले भी यह आरोपी सतना जिले की सिंहपुर पुलिस द्वारा नशीली दवा की तस्करी में गिरफ्तार हो चुका है।

### जामनगर में आप विधायक इटालिया पर फेंका जूता

**जामनगर, एजेंसी।** गुजरात के जामनगर में जनसभा के दौरान आम आदमी पार्टी के नेता गोपाल इटालिया पर किसी ने जूता फेंक दिया। जूता फेंकने वाला व्यक्ति कांग्रेस पार्टी का कार्यकर्ता था। इस घटना के बाद जनसभा में हंगामा मच गया। मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए आपकार्यकर्ताओं ने भी आरोपी पर हमला कर दिया और उसे बुरी तरह से पीटा।

## भारी सुरक्षा... तीन हजार जवान तैनात

# बंगाल में बाबरी समर्थक लोग नींव रखने निकले, अलर्ट पर सरकार

**मुर्शिदाबाद/कोलकाता, एजेंसी।**

पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिला स्थित बेलडांगा में तृणमूल कांग्रेस से निलंबित विधायक हुमायूं कबीर आज बाबरी मस्जिद की नींव रखने की तैयारी कर रहे हैं। उनके समर्थक सुबह से सिर पर ईंट लेकर निर्माण स्थल की तरफ निकलने लगे हैं। बेलडांगा समेत आसपास का इलाका आज हाई अलर्ट पर है। कोलकाता हाईकोर्ट ने शुक्रवार को मस्जिद निर्माण पर रोक लगाने से इनकार किया था। कोर्ट ने कहा- कार्यक्रम के दौरान शांति बनाए रखने की जिम्मेदारी राज्य सरकार की होगी। हाईकोर्ट के निर्देश के बाद राज्य सरकार ने बेलडांगा और रानीनगर थाने के इलाके और आसपास सेंट्रल आर्म्ड फोर्स की 19 टीमें, रैपिड एक्शन फोर्स, बीएसएफ, स्थानीय पुलिस की कई टीमों समेत 3 हजार से ज्यादा जवान तैनात किए हैं। हुमायूं कबीर ने 25 नवंबर को कहा था कि वे 6 दिसंबर को अयोध्या में विवादित ढांचे के विध्वंस के 33 साल पूरे होने पर बाबरी मस्जिद की आधारशिला रखेंगे। टीएमएसी ने 4 दिसंबर को हुमायूं कबीर को पार्टी से सस्पेंड कर दिया था।


बेलडांगा क्षेत्र में मस्जिद की नींव के लिए ईंटें लेकर जाते लोग।

## दिल्ली की खराब हवा हेल्थ इमरजेंसी

**नईदिल्ली, एजेंसी।**

राजधानी दिल्ली में प्रदूषण गंभीर श्रेणी में बना हुआ है। इस बीच बढ़ते प्रदूषण के देखते हुए 80 से ज्यादा पद्म अवॉर्डी डॉक्टरों ने लोगों को चेताया है। डॉक्टरों का कहना है कि भारत का एयर पॉल्यूशन संकट एक बड़ी पब्लिक हेल्थ इमरजेंसी बन गया है, जिससे बड़े पैमाने पर बीमारियां, जेनेटिक नुकसान और हर साल लगभग 1.7 मिलियन मौतें हो रही हैं। डॉक्टरों ने इस स्थिति को मेडिकली नामंजूर बताते हुए कहा कि जहरीली हवा अब इतने बड़े पैमाने पर जानें ले रही है कि इसे हमारा हेल्थ सिस्टम भी नहीं झेल सकता है। उन्होंने आगे कहा कि भारत में सांस से होने वाली एक-तिहाई से ज्यादा मौतें और स्ट्रोक से होने वाली 40 प्रतिशत मौतें लंबे समय तक प्रदूषित हवा के संपर्क में रहने से होती है।

## तारीख फाइनल नहीं, लेकिन तैयारी पूरी

# पीएम 13 को कर सकते हैं भोपाल मेट्रो की शुरुआत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

कमिश्नर मेट्रो रेल सेफ्टी के ग्रीन सिग्नल के बाद अब भोपाल में मेट्रो के कमर्शियल रन की तैयारी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 13 दिसंबर को मेट्रो को हरी झंडी दिखा सकते हैं। ये भी संभावना है कि वे वर्चुअली तरीके से लोकार्पण करें। हालांकि, ये तारीख फाइनल नहीं है, लेकिन तैयारी 13 दिसंबर के हिसाब से ही की जा रही है।

फिलहाल स्टेशन के 1 गेट से ही एंट्री-एग्जिट होगी। यानी, जो भी यात्री स्टेशन पर पहुंचेंगे, वे स्टेशन के एक तरफ से ही अंदर-बाहर आ-जा सकेंगे। जिन स्टेशनों पर अभी फिनिशिंग या अन्य काम बचे हैं, उन्हें अगले 3 दिन में पूरा करने का टारगेट है। 10 दिसंबर से सभी



स्टेशन बंद कर दिए जाएंगे। ये वीआईपी-वीवीआईपी की सिक्योरिटी के चलते होगा।

**यदि पीएम भोपाल आएं तो पहले यात्री भी बनेंगे:** मेट्रो सूत्रों के अनुसार, यदि प्रधानमंत्री मोदी भोपाल आकर मेट्रो का लोकार्पण करते हैं तो वे भोपाल मेट्रो के पहले यात्री भी बन सकते हैं। इसलिए स्टेशनों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जा रहे हैं। सुभाषनगर मेट्रो स्टेशन पर कार्यक्रम होगा, क्योंकि यही पर डिपो और सबसे ज्यादा स्पेस है।

# यूका का कचरा तो धार में जला दिया पर जहरीली गाद के टीले का क्या होगा?



प्रसंगवश
राजेश सिरोठिया


पार्ट -4

एमआईसी गैस के दो टेंकों में 65 टन गैस भरी थी। जिस टैंक में 40 टन थी, उसका पूरा रिसाव हो गया जो हजारों मौतों की वजह बना। लेकिन दूसरे टेंक में जमा 25 टन गैस को हादसे के चंद दिनों के भीतर सरकार ने वैज्ञानिक विधि से आपरेशन फेथ के तहत नष्ट करा दिया और परिसर में मौजूद तकरीबन 377 टन घातक रासायनिक कचरे को सुरक्षित करके रखवा दिया। इसके बाद सरकार और अदालतों का सारा ध्यान इसी 377 टन जहरीले रसायन युक्त कचरे के निपटारे पर पर ही रहा जो यूका परिसर में सुरक्षित रखा था। यूका परिसर के तालाब और उससे निकले घातक रसायनों की गाद का टीला अब भी सिर ताने खड़ा है जिसकी तरफ किसी का ध्यान नहीं है। 377 टन कचरे को लंबी कवायद और इंदौर-धार के लोगों के भारी आंदोलन के वहां बावजूद जला दिया गया। सुप्रीम कोर्ट का आदेश था। इसलिए केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण मंडल तथा मप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की सिफारिश पर इसी साल पीथमपुर के एक प्लांट में इसे 1200 डिग्री तापमान पर नष्ट कर दिया गया। अब उसकी राख को कहाँ दफन करें, इसकी कवायद चल रही है। राख में पारे की मात्रा निर्धारित मानकों से अधिक पाई गई है। लेकिन भोपाल में यूका परिसर में असुरक्षित तौर पर जमा कचरे के टीले का कोई निदान अभी तक नहीं खोजा जा सका। गौरतलब है कि यूनियन कार्बाइड के लिए जो 88 एकड़ जमीन लीज पर राज्य सरकार ने दी थी, उसमें से 33 एकड़ जमीन पर एक तालाब भी बनाया गया था। इस तालाब को बनाने के मकसद यह था कि सेविन नामक कीटनाशक बनाने की प्रक्रिया के बाद जो जहरीला रसायनयुक्त (एफ्युलेंट) पानी निकलता है वह किसी नदी वाले में न मिले और उसी तालाब में सूरज की गर्मी से सूखता रहे। इस तालाब में जहरीले पानी के और अन्य जहरीले पदार्थ के कारण जो गाद जमा होती थी उसे भी निकालने का काम चलता रहता था। यह गाद तालाब के पास बड़े टीले की शक्ल में आज भी मौजूद है। तालाब में जमा पानी दूसरे जल स्त्रोतों में सीधे तो नहीं मिल सका लेकिन घातक रसायन युक्त पानी जिस तालाब में जमा किया जाता था, उसको जमीन भी सोखती रही तथा इस एफ्लयुलेंट ने सात वर्ग किलोमीटर क्षेत्र के भूगर्भीय जल को प्रदूषित कर दिया। यानि इस दायरे के कुँए, बावड़ी के साथ हैंड पंपों का पानी पीने या दूसरे इस्तेमाल के लायक नहीं बचा। इसके अलावा लाखों टन कचरा असुरक्षित रूप से फैक्टरी परिसर से लगे इलाके में एक पहाड़ की शक्ल में मौजूद है। लोग आज भी अपने कच्चे घरों में इसकी मिट्टी का इस्तेमाल कर रहे हैं जिसकी किसी को भी परवाह नहीं है। इसके लिए सरकार की सार्थक पहल जरूरी है। कानूनी विवादों को खत्म कराकर इससे निजात दिलाने के लिए ठोस कदम उठाए जाने चाहिए। टीले की मिट्टी का तालाब में भराव करवा कर करीब 60 एकड़ जमीन पर सिटी फॉरेस्ट विकसित करने का सुझाव भी पर्यावरणविदों ने दिया है। इस पर भी सरकार गौर फरमाती है तो शायद गैस हादसे के बचे हुए दाग धो सकती है।

### त्रासदी के 41 साल



(जारी)













## बिना हेलमेट वाहन चालक पुलिस को देख उल्टी दिशा में भागते हैं...

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** राजधानी के करोद 80 फीट रोड पर यातायात पुलिस द्वारा चालू किए गए चेकिंग अभियान के दौरान चौंकाने वाली लापरवाही सामने आई। ट्रैफिक नियमों की अनदेखी करने वाले कई दोपहिया वाहन चालक बिना हेलमेट चलते हुए पुलिस को देखकर मौके से बचकर भागने लगे। हालात इतने खतरनाक रहे कि कुछ युवक तो तेज रफ्तार में अपनी गाड़ी सामने आती दूसरी गाड़ियों के बीच मोड़ते हुए भाग निकले, मानो उन्हें दुर्घटना का कोई डर ही नहीं रहा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पुलिस जैसे ही वाहन रोकने का संकेत देती, कई चालक सड़क पर अचानक मोड़ लेकर दूसरी दिशा में भागने लगे। इस दौरान सड़क पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। ऐसी हरकतें न सिर्फ उनकी जान को जोखिम में डालती हैं बल्कि सड़क पर चल रहे अन्य वाहन चालकों और पैदल राहगीरों के लिए भी बड़ा खतरा पैदा करती हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि रोजाना इस रोड पर ट्रैफिक नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जाती हैं—बिना हेलमेट, तीन सवारी, तेज रफ्तार और गलत दिशा में वाहन चलाना आम बात हो चुकी है।

# मातृ मृत्यु रोकने की नई पहल: गर्भवती को रेफर करने से पहले अस्पताल को देनी होगी सूचना

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

गर्भावस्था और प्रसव के दौरान होने वाली मातृ मृत्यु के बढ़ते मामलों को नियंत्रित करने के लिए स्वास्थ्य विभाग अब अतिरिक्त सतर्कता बरतेगा। सीएमएचओ डॉ. मनीष शर्मा ने निर्देश दिए हैं कि किसी भी गंभीर गर्भवती महिला को एक अस्पताल से दूसरे अस्पताल रेफर करने से पहले संबंधित अस्पताल को इसकी पूर्व सूचना देना जरूरी होगा, ताकि वहां उपचार की तैयारी पहले से हो सके।



भोपाल के जयप्रकाश जिला चिकित्सालय में आयोजित मातृ मृत्यु समीक्षा (एमडीएसआर) बैठक में स्वास्थ्य विभाग ने मातृ मृत्यु दर को कम करने के लिए कई महत्वपूर्ण कदमों की घोषणा की। सीएमएचओ डॉ. मनीष शर्मा ने कहा कि गंभीर गर्भवती महिलाओं को अक्सर बिना सूचना रेफर कर दिया जाता है, जिससे इलाज में देरी होती है। बैठक में डॉ. शर्मा ने स्पष्ट किया कि बिना सूचना रेफरल भेजे जाने से इलाज शुरू होने में देरी होती है, जिससे जोखिम बढ़ता है। अस्पताल को पहले से जानकारी देने से डॉक्टरों की टीम और जरूरी सुविधाएं समय रहते तैयार की जा सकती हैं।



अधिकांश जटिलताएं गर्भावस्था के दौरान विकसित होती हैं। यदि समय रहते इनकी पहचान और उपचार हो जाए, तो प्रसव के दौरान होने वाली कई मौतों को रोका जा सकता है। उन्होंने बताया कि सुरक्षित मातृत्व के लिए जननी सुरक्षा योजना, श्रमिक सेवा प्रसूति सहायता और सुरक्षित मातृत्व आश्वासन (सुमन) जैसे कई कार्यक्रम संचालित हैं, जिनका लाभ हर गर्भवती महिला तक पहुंचना चाहिए।

### हाई-रिस्क गर्भवतियों पर विशेष ध्यान

बैठक में सीएमएचओ ने निर्देश दिया कि हाई-रिस्क श्रेणी में आने वाली गर्भवती महिलाओं की जांच केवल नर्सिंग स्टाफ पर न छोड़ी जाए। डॉक्टर स्वयं उनकी अनिवार्य रूप से जांच करें। रेफरल की स्थिति होने पर मरीज को निजी वाहन से भेजने की अनुमति नहीं होगी; केवल 108 एंबुलेंस से ही भेजा जाएगा। साथ ही रेफरल के बाद मरीज सुरक्षित पहुंची या नहीं, इसकी फॉलोअप रिपोर्ट भी अनिवार्य होगी।

### पुराने मामलों की समीक्षा में सामने आई कमियां

बैठक के दौरान मातृ मृत्यु के पुराने मामलों की फाइलें खोलकर गहन समीक्षा की गई। पाया गया कि गंभीर रक्तस्राव, संक्रमण, हाई ब्लड प्रेशर (एक्लैंपशिया) और सुरक्षित गर्भपात के अभाव में अधिकतर जोखिम पैदा होते हैं। अधिकारियों ने कहा कि गर्भावस्था का समय पर पंजीयन, नियमित जांचें और अनमोल पोर्टल पर अपडेट जानकारी आवश्यक है।

### आरएसएस शताब्दी वर्ष

## घर-घर संपर्क अभियान में वरिष्ठ स्वयंसेवकों और संतों से मुलाकात



**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष में घर-घर संपर्क अभियान जारी है। अभियान के दौरान संतनगर के गोकुलधाम क्षेत्र में व्यापक जनसंपर्क किया गया। संपर्क टोली ने समाज के वरिष्ठ व्यक्तित्व गुरूमुखदास खानचंदानी और संत तुलसीदास कलतारी से विशेष भेंट की। अभियान के तहत घर-घर पहुंचकर एक पम्पलेट बांटा, जिसमें संघ की स्थापना, व्यक्ति निर्माण की पद्धति, सेवा कार्य, संघ कार्य का विस्तार और पंच परिवर्तन की अवधारणा से जुड़ी प्रमुख बातें शामिल थीं। साथ ही तीन पुस्तकों के माध्यम से संघ के शताब्दी वर्ष और कार्यप्रणाली की जानकारी भी लोगों को दी गई। इस दौरान संघ के वरिष्ठ स्वयंसेवक गुरूमुखदास खानचंदानी से मिलना अभियान के लिए विशेष अवसर रहा। उन्होंने वर्ष 1957 में जयपुर में संघ शिक्षा वर्ग पूर्ण किया था। वे संघ के द्वितीय सरसंघचालक श्री गुरुजी के बौद्धिक भी प्रत्यक्ष रूप से सुन चुके हैं। सुदर्शन जी के साथ उनके अनेक संस्मरण भी रहे हैं। 84 वर्ष की आयु में भी उन्हें संघ के अनेक गीत कंठस्थ याद हैं, जो उनकी दीर्घकालीन निष्ठा का प्रमाण है। इसके अलावा संत तुलसीदास कलतारी से भी संवाद किया गया।

## मेला समिति ने सेवा सदन को भेंट की आधुनिक स्लिट लैंप मशीन

**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

भोपाल उत्सव मेला समिति ने सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय ट्रस्ट को स्लिट लैंप मशीन दान में दी है। समिति के विजय अग्रवाल ने अपनी ओर से 2 लाख रुपये की राशि भी चिकित्सालय को दान में दी है। इस अवसर पर सेवासदन नेत्र चिकित्सालय ट्रस्ट के अध्यक्ष संत सिद्धभाऊजी ने कहा कि नेत्र ज्योति का वास्तविक महत्व तभी समझ में आता है जब मनुष्य अपनी दृष्टि खो देता है। उन्होंने जोर देते हुए कहा, आँखों के बिना जीवन अधूरा है, आँखें हैं तो जहान है। मेला समिति के अध्यक्ष मनमोहन अग्रवाल ने सिद्ध भाऊजी के आगमन को गौरव की बात बताया और समिति की सामाजिक गतिविधियों तथा व्यवस्थाओं की जानकारी दी। मेला समिति के महामंत्री सुनील जैनाविन ने कहा कि पहले समिति केवल एक मोतियाबिंद शिविर आयोजित करती थी, लेकिन अब भोपाल शहर में 18 स्थानों पर निःशुल्क नेत्र शिविर आयोजित किए जाते हैं, जिससे बड़ी संख्या में लोग अंधत्व के त्रास से बच पाते हैं। जीव सेवा संस्थान के सचिव महेश दयारामानी ने संस्थान की व्यापक सेवा भावना को रेखांकित किया। उन्होंने बताया सेवा सदन में पिछले 38 वर्षों में 38 लाख से अधिक रोगियों के नेत्र जांच, उपचार और ऑपरेशन किए गए हैं। इस अवसर पर भोपाल उत्सव मेला समिति और जीव सेवा संस्थान/सेवा सदन ट्रस्ट के कई गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे, जिनमें मनमोहन अग्रवाल, अजय सोगानी, अशोक गुप्ता, अनुपम अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, रो ज्ञानचंदानी, ए.सी. साधवानी, तुलसीदास आडवानी, राजकुमार मूलचंदानी, तथा कार्यपालन अधिकारी पुरुषोत्तम माहेश्वरी एवं के.एल. लोहाना प्रमुख थे।

### मैनिट में दुनियाभर से आए 1983 शोध पत्र

## एआई लर्निंग तेजी से भविष्य का स्वरूप बदल रही



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

एआई मशीन लर्निंग आयओटी इलेक्ट्रिक मोबिलिटी स्मार्ट ग्रिड्स और इंटेलिजेंट ट्रांसपोर्ट सिस्टम जैसी तकनीकें तेजी से भविष्य का स्वरूप बदल रही हैं। यह बात मैनिट में ऑन रीसेंट ट्रेंड्स इन कंप्यूटिंग एंड स्मार्ट मोबिलिटी आरसीएसएम का उद्घाटन अवसर पर डॉ. अमित ओझा ने कही। इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में दुनिया भर के शोधकर्ताओं ने अपनी रुचि दिखाते हुए कुल 1983 रिसर्च पेपर भेजे। इनमें से 438 शोधपत्र गहरी समीक्षा के साथ प्रक्रिया के बाद स्वीकृत किए गए। जिसमें कुल 385 शोधपत्र पंजीकृत हुए। इनमें 312 भारत, 30 अमेरिका, 37 चीन और 1 नाइजीरिया से शामिल हैं। उद्घाटन सत्र में प्रो। एचसी गोविल डायरेक्टर एनआईटी सिक्किम अध्यक्ष के रूप में उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि प्रो. मनोज सिंह गौर डायरेक्टर आईआईटी जम्मू और विशिष्ट अतिथि प्रो. जी एस तोमर और मैनिट डायरेक्टर प्रो. केके शुक्ला उपस्थित रहे। अध्यक्षीय संबोधन में प्रो. गोविल ने इनोवेशन आधारित शोध को समय की जरूरत बताया। वहीं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो मनोज सिंह गौर ने तकनीक आधारित टिकाऊ भविष्य के निर्माण में एडवांस्ड कंप्यूटिंग की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। इस अवसर पर प्रो जी एस तोमर ने इंटेलिजेंट कंप्यूटिंग और सस्टेनेबल मोबिलिटी की बढ़ती उपयोगिता को रेखांकित किया। सम्मेलन का उद्देश्य कंप्यूटिंग और स्मार्ट मोबिलिटी के नवीनतम रुझानों पर शोधकर्ताओं शिक्षाविदों और उद्योग विशेषज्ञों को साझा मंच उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम का समापन डॉ विजय भास्कर द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। आयोजन सचिव के रूप में डॉ अमित ओझा डॉ. यदुनाथ पाठक और डॉ विजय भास्कर ने सम्मेलन का संचालन किया।

## गौहर महल में 50 कारीगर करेंगे उत्पादों का प्रदर्शन

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मध्यप्रदेश हस्तशिल्प एवं हाथकरघा विकास निगम द्वारा आयोजित मेले में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए 50 कारीगर अपने हस्तनिर्मित उत्कृष्ट उत्पादों का प्रदर्शन करेंगे। परिसर में आज से पांच दिवसीय हस्तशिल्प सप्ताह मेला प्रारंभ हो रहा है। मेले का आयोजन विकास आयुक्त हस्तशिल्प, वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार, आयुक्त हाथकरघा एवं हस्तशिल्प, मध्यप्रदेश शासन के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। हस्तशिल्पियों द्वारा बनाए गए पारंपरिक उत्पाद आधुनिक डिजाइनिंग के साथ प्रस्तुत किए जाएंगे, ताकि उपभोक्ताओं को विविधता से भरपूर विकल्प मिल सके। मेले का शुभारंभ शाम 5 बजे होगा। मेले में प्रदेश की पारंपरिक कला और शिल्पक्षमता को प्रदर्शित करने वाले अनेक उत्पाद आकर्षण का केंद्र रहेंगे। मेले में बैतूल और टीकमगढ़ की बेल मेटल कला, गोंड पेंटिंग, लकड़ी के खिलौने और भोपाल की जरी-जरदोजी विशेष रूप से प्रदर्शित किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त चंदेरी और महेश्वरी सिल्क पर आधारित परिधान, वारासिवनी और सौंसर की सिल्क-कॉटन साड़ियां तथा उज्जैन की बाग और बटिक प्रिंट की वस्त्र सामग्री भी उपलब्ध रहेंगी।

**मेट्रो एंकर**

### रवीन्द्र भवन में हृदय दृश्यम समारोह का आयोजन

# भटियाली धुन ने काव्य के साथ घोली सहज उल्लास की मिठास

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

रवीन्द्र भवन का सभागार में शास्त्रीय संगीत की सुमधुर धुनों के बीच सरोद की झंकार और तबले की थाप से गूंज उठा। आठवें हृदय दृश्यम समारोह में वाद्ययंत्रों की जुगलबंदी से सुधि श्रोता शास्त्रीय संगीत में श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए। सभागार में शास्त्रीय संगीत से मंच संभाला सेनिया बंगश घराने के सुप्रसिद्ध युवा सरोद वादक अमान अली बंगश और अयान अली बंगश ने। दोनों कलाकारों की राग देश की कोमल छाया से माहौल संगीतमय हो गया। स्वागत उद्बोधन सुशील प्रकाश ने दिया और आभार व्यक्त डॉ पूजा शुक्ला ने किया। इसके बाद राग रागेश्री के गंभीर और मधुर विस्तार ने सरोद की भावनात्मक गहराई को नए आयाम दिए। अंत में प्रस्तुत भटियाली धुन ने सभा में सहज उल्लास और काव्यमय मिठास



घोल दी। तबले पर अशेष उपाध्याय और रामेंद्र सिंह सोलंकी की सुगठित संगत ने हर आलाप और हर गति को जीवंत कर दिया। दूसरी प्रस्तुति में जब सुरीली गायिका मधुवंती बागची मंच पर आई तो सभागार का माहौल पल भर में बदल गया. उनकी आवाज की मिठास ऐसी थी कि लगा जैसे श्रोताओं को किसी और ही दुनिया में ले गई हो। दर्शक एकदम सजग होकर हर सुर को अपने भीतर महसूस करने लगे. जैसे ही उन्होंने ये मोह मोह के धागे तेरी उंगलियों से जा उलझे गाया तो सभागार में बैठे लोग अनायास ही धीमे स्वर में गुनगुनाने लगे। जरा जरा महकता है महकता है की नरम लय पर सभी श्रोता मन ही मन झूम उठे. इसके बाद हमरी अटरिया पे आजा रे सवरियां की लोक सुगंध भरी धुन ने माहौल को और जीवंत कर दिया। हृदय दृश्यम के शनिवार को शाम 5:30 बजे से ऐतिहासिक स्थल जगदीशपुर के चमन महल परिसर में दो संगीत सभाएं आयोजित होंगी. जिसमें पहली सभा सुविख्यात सितार वादक पंडित रवि चारी के सितार वादन की होगी। इसके बाद 8:15 बजे पंडित आदित्य कल्याणपुरकर का तबला वादन होगा।

## एम्स के डॉक्टरों ने एनीमिया पर प्रस्तुत किए शोध

**भोपाल।** मणिपाल में आयोजित वार्षिक पीडियाट्रिक हीमैटोलॉजी ऑन्कोलॉजी कॉन्फ्रेंस में एम्स के डॉक्टरों ने सहभागिता की। डॉ. नरेंद्र चौधरी ने मौखिक शोधपत्र प्रस्तुति सत्रों में निर्णायक की भूमिका निभाई। डॉ. योगेन्द्र सिंह यादव ने 'आयरन डेफिशिएंसी एनीमिया के उपचार में परिवर्तन' विषय पर मौखिक व्याख्यान दिया. एम्स भोपाल ने वर्ष 2027 के लिए पीएचओ चैप्टर की मिड-टर्म सीएमई आयोजित करने का अधिकार सफलतापूर्वक प्राप्त किया. प्रो. शिखा मलिक ने संकाय सदस्यों को उनके योगदान के लिए बधाई दी।

T0- Let
3 BHK For Office
or
Family And Guest House
Misrod Khajuri By-Pass Facing,
Near RTO Office, Block-A-6, Flat- 501
M.: 7000926381



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राष्ट्रीय बाल रंग समापन समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले होनहार कलाकारों के साथ ग्रुप फोटो क्लिक करवाए।

## मुख्य सचिव जैन की अध्यक्षता में पीएम सेतु संचालन समिति की बैठक

**भोपाल।** सभी संभागीय मुख्यालयों को शामिल करते हुए प्रदेश की औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं को आधुनिक, उद्योग उन्मुख और परिणाम आधारित संस्थानों के रूप में परिवर्तित करने के लिए 10 हब चिंहित कर प्रस्ताव तैयार किया जाए। मुख्य सचिव अनुराग जैन ने मंत्रालय में पी.एम सेतु के तहत गठित राज्य स्तरीय संचालन समिति की बैठक में यह निर्देश दिए हैं। तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग द्वारा औद्योगिक नीति एवं निवेश और वित्त विभाग से समन्वय कर हब चिंहित किए जाएंगे। प्रधानमंत्री स्किलिंग एंड एम्प्लॉयबिलिटी ट्रांसफॉर्मेशन थ्रू अपग्रेडेड आई.टी.आई (पी.एम सेतु) के तहत बैठक में प्रदेश की समस्त औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं के आधुनिकीकरण प्रस्ताव पर चर्चा हुई।

### भोपाल बायपास पर सरकार ने वसूला 270 करोड़ का टोल

# कांग्रेस विधायक बोले- सड़क का रखरखाव नहीं किया तो किस अधिकार से लिया शुल्क

**भोपाल, दोहपर मेट्रो**

भोपाल बायपास पर मध्य प्रदेश सरकार ने दिसंबर 2019 से लेकर अक्टूबर 2025 तक 270.29 करोड़ रुपए का टोल टैक्स वसूला है। नेशनल हाईवे 12 पर स्थित यह 52 किलोमीटर लंबा बायपास निवेशक कंपनी ट्रॉन्सट्राय प्राइवेट लिमिटेड ने बनाया था।

खास बात यह है कि रखरखाव नहीं होने के चलते बीते अक्टूबर महीने में यही सड़क धंस गई थी। जिसने जमकर सुर्खियां बटोरी थीं। इससे पहले, टोल का संचालन करने वाली कंपनी ने कलेक्शन को कम दिखाकर स्क्रू अकाउंट में पैसा जमा नहीं किया था। इसके बाद सरकार ने कंपनी को ब्लैक लिस्टेड कर दिया और खुद टोल वसूली शुरू कर दी थी। इसको लेकर विधानसभा के शीतकालीन सत्र में कांग्रेस विधायक प्रताप ग्रेवाल ने सवाल पूछा। पीडब्ल्यूडी विभाग से मिले जवाब पर विधायक प्रताप ग्रेवाल ने विधानसभा में कहा कि भोपाल बायपास पर राज्य सरकार ने अवैध टोल वसूला है। यह बंद होना चाहिए।

**गड़बड़ी पर कंपनी को किया था ब्लैकलिस्ट-** लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने बताया कि यह बायपास निवेशक कंपनी ने बनाया था। कंपनी ने स्क्रू अकाउंट में गंभीर गड़बडियां कीं और प्रतिदिन की टोल आय 10.5 लाख रुपए होने के बावजूद उससे कहीं कम राशि दर्ज की।सरकार ने इस गड़बड़ी पर 11 दिसंबर 2019 को निवेशक से टोल कलेक्शन का अधिकार छीन लिया था। 12 दिसंबर 2019 से सरकार ने स्वयं टोल वसूली शुरू कर दी, जो अक्टूबर 2025 तक जारी रही। इसी पर आपत्ति जताते हुए प्रताप ग्रेवाल ने कहा- सरकार ने किस नियम से टोल वसूला? यह इंडियन टोल एक्ट के विपरीत अवैध वसूली है।

**6 साल तक टोल वसूला, रखरखाव नहीं किया** विधायक ग्रेवाल ने आरोप लगाया कि सरकार ने 6 साल तक टोल वसूला, लेकिन 52 किमी बायपास पर रखरखाव का एक भी बड़ा काम नहीं किया। जिसके कारण सड़क जर्जर होती रही और आखिरकार उसका एक पुल धंस गया। कांग्रेस विधायक ने कहा- यह राज्य शुल्क का दुरुपयोग है। टोल बेनामी तरीके से वसूला नहीं जा सकता। सरकार को भोपाल बायपास पर तुरंत टोल वसूली बंद करनी चाहिए।




### कंपनी ने टोल की राशि छिपाई

मध्य प्रदेश सड़क विकास निगम ने भोपाल बायपास परियोजना में गंभीर वित्तीय अनियमितताओं, निर्माण में सुस्ती तथा स्क्रू अकाउंट में गड़बड़ी के कारण ट्रॉन्सट्राय प्राइवेट लिमिटेड को 22 फरवरी 2021 को ब्लैकलिस्ट कर दिया था। आदेश में कहा था कि कंपनी ने तय शर्तों का पालन नहीं किया। टोल वसूली की वास्तविक राशि छिपाई। कई नोटिसों के बावजूद न तो जवाब दिया और न ही सुधार के प्रयास किए। आदेश के अनुसार, एक स्वतंत्र एजेंसी ने 17 से 26 जून 2019 तक 7 दिन की टोल मॉनिटरिंग की। जिसमें पाया गया कि कंपनी द्वारा दिखाया गया टोल कलेक्शन वास्तविक वसूली से बहुत कम था। इसके बाद स्क्रू अकाउंट की विस्तृत जांच हुई। जिसमें 'अंडर रिपोर्टिंग' और 'पब्लिक मनी लॉस' की पुष्टि हुई।

### अनियमितताएं बढ़ीं, काम बंद पड़ा

सरकार ने कंपनी को 11 दिसंबर 2019 और 17 जुलाई 2020 को दो नोटिस जारी किए। कंपनी ने न कोई जवाब दिया और न गुणवत्ता या प्रगति में सुधार किया। इसके बाद कंपनी का टोल वसूली अधिकार निलंबित कर दिया गया और अंततः कंसेशन एग्रीमेंट समाप्त हो गया। आदेश में MPRDC ने कहा था कि कंपनी के कारण परियोजना की प्रगति बाधित हुई। सरकारी राजस्व का नुकसान हुआ। एग्रीमेंट की मूल भावनाओं का उल्लंघन हुआ। इन्हीं आधारों पर कंपनी को मध्य प्रदेश में भविष्य में किसी भी सड़क परियोजना या निविदा में भाग लेने से प्रतिबंधित (ब्लैकलिस्ट) कर दिया गया।

### भस्म आरती के चलायमान दर्शन होंगे

# महाकाल मंदिर में 25 दिसंबर से लागू होगी नए साल की दर्शन व्यवस्था

**उज्जैन, दोहपर मेट्रो**

ज्योतिर्लिंग महाकाल मंदिर में 25 दिसंबर से नए साल की दर्शन व्यवस्था लागू हो जाएगी, जो पांच जनवरी तक यथावत रहेगी। इस दौरान सामान्य दर्शनार्थियों को त्रिवेणी संग्रहालय से महाकाल महालोक के रास्ते मंदिर में प्रवेश दिया जाएगा। भस्म आरती के दर्शन चलायमान व्यवस्था से होंगे। मंदिर प्रशासक प्रथम कौशिक के अनुसार, पिछले वर्ष भी इस अवधि में भक्तों की संख्या सर्वाधिक रही है।

इसलिए इस बार 25 दिसंबर से पांच जनवरी तक सामान्य दर्शनार्थियों को त्रिवेणी संग्रहालय द्वार से श्री महाकाल महालोक, मानसरोवर फैसिलिटी सेंटर, महाकाल टनल के रास्ते कार्तिकेय व गणेश मंडपम से भगवान महाकाल के दर्शन कराने का निर्णय लिया गया है। महाकाल दर्शन के बाद वह टनल के निर्गम मार्ग से बड़ा गणेश मंदिर की ओर बाहर निकलेंगे।

**भस्म आरती के चलायमान दर्शन होंगे-** 25 दिसंबर से पांच जनवरी तक अत्यधिक भीड़ के कारण मंदिर परिसर में भक्तों का प्रवेश बंद रहेगा। कार्तिकेय मंडपम से भस्म आरती के चलायमान दर्शन होंगे। मंदिर प्रशासन ने इस दौरान आनलाइन बुकिंग सुविधा भी बंद कर दी है। संभवतः ऑफलाइन सुविधा भी बंद रह सकती है। कालभैरव मंदिर में भी सामान्य और वीआईपी भक्तों के लिए अलग-अलग द्वार से प्रवेश की व्यवस्था रहेगी। वहीं मंगलनाथ मंदिर में भातपूजा और सामान्य दर्शन की व्यवस्था एक साथ चलेगी। भातपूजा कराने वाले श्रद्धालु गर्भगृह में जा सकेंगे, जबकि सामान्य दर्शनार्थियों को सभामंडप से चलायमान दर्शन कराए जाएंगे।



### यहां रहेगी पार्किंग सुविधा

नए साल पर हरिफाटक ओवरब्रिज के पास स्मार्ट पार्किंग और कर्कराज पार्किंग में वाहन रखने की सुविधा रहेगी। इस दौरान पेयजल, जूता स्टैंड और श्री महाकालेश्वर अन्नक्षेत्र में सुबह छह बजे से नाश्ता तथा दोपहर 12 बजे से रात आठ बजे तक भोजन की निश्शुल्क सुविधा मिलेगी।

### क्रिमिनल रिकॉर्ड छिपाने की शिकायत के बाद रुका था रिजल्ट

# भोपाल यूथ कांग्रेस अध्यक्ष अंकित दुबे हटाए गए:अमित बने कार्यकारी अध्यक्ष

**भोपाल, दोहपर मेट्रो**

मप्र यूथ कांग्रेस के भोपाल (शहरी) जिले में अध्यक्ष पद को लेकर चल रहा महीनों पुराना विवाद आखिरकार समाप्त हो गया है। नेशनल यूथ कांग्रेस ने आदेश जारी करते हुए जिलाध्यक्ष अंकित दुबे को तत्काल प्रभाव से हटाने और चुनाव में फर्स्ट रनर-अप रहे अमित खत्री को कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त करने का निर्णय लिया। यह फैसला राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा की गई जांच रिपोर्ट के आधार पर लिया गया है। 14 नवंबर को इस मामले में राष्ट्रीय महामंत्री स्मृति रंजन और लिलिन प्रसाद भोपाल पहुंचे थे। उन्होंने शिकायतकर्ता अमित खत्री, और निर्वाचित जिलाध्यक्ष अंकित दुबे दोनों के बयान लिए और सभी संबंधित दस्तावेज व आपत्तियां देखी। जांच समिति ने करीब एक सप्ताह तक रिकॉर्ड खंगाले और राष्ट्रीय नेतृत्व को रिपोर्ट भेजी। रिपोर्ट में कहा गया कि अंकित दुबे के खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले लंबित पाए गए, जो संगठन की छवि और नियमों के विरुद्ध हैं। इसके चलते उन्हें अध्यक्ष पद पर बने रहना उचित नहीं है। यही रिपोर्ट



### चुनाव परिणाम आने के बाद ही शुरू हुआ था विवाद

भोपाल यूथ कांग्रेस के चुनाव के दौरान अंकित दुबे पहले स्थान पर आए थे। अमित खत्री दूसरे स्थान (फर्स्ट रनर-अप) पर रहे थे। लेकिन परिणाम घोषित होते ही विवाद खड़ा हो गया।अमित खत्री ने लिखित शिकायत कर आरोप लगाया कि दुबे ने चुनाव नामांकन में अपने लंबित आपराधिक मामलों की सही जानकारी नहीं दी। कई धाराओं के केस होने के कारण वे पात्रता मानदंड पूरा नहीं करते। जिला संगठन की गतिविधियों में अनुशासनहीनता और दबाव बनाने जैसी शिकायतें भी की गईं थीं।

### आठवां हृदय दृश्यम समारोह का हुआ शुभारंभ, तीन दिन बहेगी स्वर लहरियां

**भोपाल।** मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति एवं पर्यटन विभाग द्वारा संगीत, कला और विरासत पर केन्द्रित वृहद संगीत समारोह ''हृदय दृश्यम'' के आठवें शुभारंभ शुक्रवार की शाम रवीन्द्र भवन में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ संचालक, संस्कृति एन.पी. नामदेव, क्यूरेटर हृदय दृश्यम जो अलवारिस एवं ओमेगा रेंक के प्रबंध संचालक सुशील प्रकाश, जहांनुमा होटल के निदेशक श्री फैज राशिद ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। इस अवसर पर सुविख्यात सरोद वादक अमान–अयान अली बंगश भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में स्वागत उद्बोधन सुशील प्रकाश ने दिया। उन्होंने कहा कि हृदय दृश्यम का मंच भारतीय संगीत की समृद्ध परम्पराओं को अनुभूत कराता है।

## केले के मिल रहे कम दाम, फसल काटकर गाय-बैलों को खिलाने पर मजबूर हुए बड़वानी के किसान



बड़वानी। क्षेत्र में केला उत्पादक किसानों को इन दिनों फसल के दाम नहीं मिलने से आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। केले के कम दाम मिलने से गुस्साए किसान फसल को काटकर मवेशियों को खिला रहे हैं। किसानों का कहना है कि वे अपनी फसल को खेत से उखाड़कर फेंकने को मजबूर हैं। दरअसल, नर्मदा पट्टी क्षेत्र में केला उत्पादन बेहतर होता है। यहां पर उत्पादित केला कई राज्यों को भेजा जाता है। इसमें राजस्थान, गुजरात, हरियाणा व दिल्ली शामिल है। वहीं इस बार कम दाम व खराब हालात के कारण किसानों को अपनी फसल नष्ट करनी पड़ रही है।

## जन्म मृत्यु एवं विवाह पंजीयन के संबंध में प्रशिक्षण आठ को

**भोपाल।** आर्थिक एवं सांख्यिकी संचालनालय,मध्यप्रदेश एवं यूनिसेफ,मध्यप्रदेश के संयुक्त तत्वाधान में जन्म मृत्यु एवं विवाह पंजीयन के संबंध में प्रशिक्षण सह कार्यशाला 8 दिसम्बर को आयोजित होगी। आयुक्त एवं मुख्य रजिस्ट्रार आर्थिक एवं सांख्यिकी, विकास मिश्रा ने बताया कि कार्यशाला सुबह 10 बजे से आर.सी. नरोन्हा प्रशासन अकादमी, भोपाल में होगी। आयुक्त एवं मुख्य रजिस्ट्रार आर्थिक एवं सांख्यिकी मिश्रा ने बताया कि बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र उसकी एक पहचान है जो उसकी जन्म दिनांक एवं जन्म के स्थान को दर्शाती है। अक्टूबर 2023 से जन्म प्रमाण पत्र एक मात्र दस्तावेज जो हर क्षेत्र में मान्य किया जायेगा, चाहे वह स्कूल में एडमिशन हो नौकरी हो पासपोर्ट बनवाना हो इत्यादि। मृत्यु प्रमाण पत्र किसी भी व्यक्ति की मृत्यु का प्रमाण है जो यह बतलाता है कि वह अब इस दुनिया में नहीं है एवं उससे जुड़े समस्त क्लेम आदि उसके उत्तराधिकारी को दिए जा सकते है, का एक प्रमाणिक दस्तावेज है। मध्यप्रदेश विवाहों का अनिवार्य रजिस्ट्रीकरण नियम 2008 के अनुसार विवाह रजिस्ट्रेशन भी अनिवार्य है, जो दो नवदम्पति की शादी का प्रमाण होता है, जिसके अभाव में व्यक्ति को कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इन दस्तावेजो की आवश्यकता एवं महत्ता को देखते हुए तथा इसकी उपलब्धता को आमजन तक पहुचाने एवं इसकी प्रक्रिया को सरल करने के सम्बन्ध में आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के द्वारा लगातार अथक प्रयास किये जा रहे है।

**मेट्रो एंकर**

### खाद्यान्न भंडारण अब होगा फुल-प्रूफ

# निरीक्षण, नमी और फ्यूमिगेशन ऐप से व्यवस्था होगी रियल-टाइम

**भोपाल, दोहपर मेट्रो**

मध्यप्रदेश के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने ग्वालियर से अनाज गोदामों की निगरानी को आधुनिक, सटीक और पूर्णतः पारदर्शी बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। उन्होंने तीन महत्वपूर्ण मोबाइल ऐप- निरीक्षण ऐप, नमी मापक ऐप और फ्यूमिगेशन ऐप लॉन्च किये। इन ऐप्स के माध्यम से खाद्यान्न भंडारण प्रणाली में तकनीक आधारित मॉनिटरिंग लागू होगी। इससे गड़बड़ियों पर स्वतः अंकुश लगेगा और नागरिकों को बेहतर गुणवत्ता का अनाज उपलब्ध कराने में सहायता मिलेगी। मंत्री राजपूत ने कहा है कि पारदर्शिता, गुणवत्ता और जवाबदेही से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। राज्य सरकार का लक्ष्य है, खाद्यान्न की गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए गोदाम प्रबंधन में शत-प्रतिशत पारदर्शिता लाई जाए। अब निरीक्षण से नमी मापन और फ्यूमिगेशन तक की डिजिटल ट्रैकिंग होगी। इससे गड़बड़ी पर रोक लगेगी और जनता को बेहतर गुणवत्ता का खाद्यान्न उपलब्ध कराना भी सुनिश्चित होगा।

### इन ऐप्स से होगी मॉनिटरिंग



**निरीक्षण ऐप :** मंत्री राजपूत ने बताया कि इस ऐप से रियल-टाइम निगरानी होगी। यह ऐप गोदामों के भौतिक निरीक्षण को पूरी तरह रियल-टाइम और लोकेशन-बेस्ड बना देगा। निरीक्षण का रोस्टर भोपाल मुख्यालय से तैयार होगा। इसके अलावा एक ब्रांच के गोदाम का निरीक्षण दूसरी ब्रांच के प्रबंधक द्वारा किया जाएगा, जिससे क्रॉस वेरिफिकेशन सुनिश्चित होगा। अधिकारी को गोदाम पर फिजिकली मौजूद रहने पर ही निरीक्षण भरने और फोटो अपलोड करने की अनुमति होगी। यदि निरीक्षक 100 मीटर से अधिक दूरी पर है, तो ऐप निरीक्षण स्वीकार ही नहीं करेगा। मंत्री राजपूत ने कहा कि सभी जानकारी रियल-टाइम पोर्टल पर दर्ज होगी, जिससे पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ेगी।

**नमी मापक ऐप :** खाद्य मंत्री राजपूत ने बताया कि डिजिटल मॉइस्चर मीटर से हर माह सटीक रिपोर्टिंग होगी। अब तक नमी मापन की प्रक्रिया मैनुअल थी, लेकिन नए ऐप से यह पूर्णतः डिजिटल और सटीक हो जाएगी। डिजिटल मॉइस्चर मीटर से स्टैक की ऊपरी, मध्य और निचली परत की नमी मापी जाएगी। मापन के बाद ऐप से निकली डिजिटल पर्ची का फोटो अपलोड करना अनिवार्य होगा। हर गोदाम की नमी रिपोर्ट प्रतिमाह रियल-टाइम उपलब्ध होगी। मंत्री राजपूत ने बताया कि जिला प्रबंधक अब सीधे भारतीय खाद्य निगम को नमी के डेटा भेज सकेंगे। यह सुधार भंडारित अनाज की गुणवत्ता बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### फ्यूमिगेशन ऐप


मंत्री राजपूत ने बताया कि दवा छिड़काव की पूरी प्रक्रिया अब डिजिटल रिकॉर्ड में रहेगी। फ्यूमिगेशन प्रक्रिया अब कागज रहित होकर डिजिटल रूप से रिकॉर्ड होगी। दवाओं का छिड़काव ब्रांच मैनेजर द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि की मौजूदगी में होगा। उन्होंने बताया कि खाद्यान्न को कवर करने और कवर हटाने तक की पूरी फोटो प्रक्रिया ऐप में अपलोड करनी होगी। दवाओं का छिड़काव सफल रहा या नहीं, यह जानकारी भी ऐप में दर्ज करनी होगी। जब तक फ्यूमिगेशन सफल न हो जाए, तब तक स्टॉक इश्यू नहीं हो सकेगा। यह कदम अनाज की सुरक्षा, गुणवत्ता और उपभोक्ता स्वास्थ्य के लिहाज से अत्यंत महत्वपूर्ण है।

## आखिर जवाबदेही किसकी

देश के हवाई यात्रियों को इन दिनों जो असुविधा झेलनी पड़ रही है, वह किसी सामान्य परिचालन गड़बड़ी से कहीं आगे की स्थिति है। एक ही दिन में किसी एयरलाइंस द्वारा सैकड़ों उड़ानें रद्द कर देना और वह भी तब, जब तकनीकी या मौसम संबंधी कोई ठोस कारण मौजूद न हो, सीधे-सीधे प्रबंधन की विफलता की ओर संकेत करता है। इंडिगो, जो अपने समयबद्ध संचालन के लिए वर्षों से प्रतिष्ठित मानी जाती रही है, इन दिनों उसी कसौटी पर सबसे ज्यादा सवालों के घेरे में है। नवंबर माह में इंडिगो की उड़ानों का बड़ा हिस्सा या तो रद्द हुआ या अत्यधिक विलंब का शिकार बना। समय पर उड़ान भरने के उसके रिकॉर्ड में भी उल्लेखनीय गिरावट दर्ज हुई। जहां अक्टूबर में उसकी अधिकांश उड़ानें निर्धारित समय पर थीं, वहीं नवंबर में समयपालन का प्रतिशत गिरकर खतरनाक रूप से नीचे पहुंच गया। यह स्थिति किसी आकस्मिक चुनौती का परिणाम होने के बजाय योजना के अभाव और प्रशासनिक कमियों को रेखांकित करती है। कंपनी का तर्क है कि नए क्रू रोस्टरिंग नियम-विशेष रूप से उड़ान ड्यूटी समय सीमा ने इस व्यवधान को जन्म दिया। लेकिन यह बात विचारणीय है कि जब नियमों के लागू होने की तारीख पहले से ज्ञात थी, तब इंडिगो ने आवश्यक संसाधनों, पायलटों या सहायक स्टाफ की वैकल्पिक व्यवस्था पहले से क्यों नहीं की? यह अधिक गंभीर प्रश्न तब खड़ा होता है, जब एयरलाइंस क्षमता से अधिक टिकट बेचती है जबकि उसे भली-भांति अंदाजा होता है कि वह सभी उड़ानें सुचारु रूप से संचालित नहीं कर पाएगी। यात्रियों के पैसे लौटा देना समस्या का समाधान नहीं कहा जा सकता। यात्रा रद्द होने से जो मानसिक तनाव, आर्थिक नुकसान और समय की बर्बादी होती है, उसकी भरपाई किसी धनवापसी से नहीं की जा सकती। यदि तकनीकी खराबी या मौसम बाधक हो, तो इसे अनिवार्य परिस्थिति माना जा सकता है; लेकिन पायलटों या स्टाफ की कमी के कारण उड़ानें रोकना किसी भी स्तर पर स्वीकार्य नहीं है। यह देश की सबसे बड़ी एयरलाइंस की संचालन क्षमता पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगाता है। ऐसे में जरूरी है कि सरकार और उड्डयन नियामक इस मामले को अत्यधिक गंभीरता से लें। एयरलाइंस को यात्रियों के हितों की अनदेखी करने की खुली छूट नहीं दी जा सकती। जवाबदेही तय करना, दंडात्मक प्रावधान लागू करना और पारदर्शिता सुनिश्चित करना समय की मांग है। अब समय आ गया है कि एयरलाइंस और नियामक दोनों अपनी जिम्मेदारी को गंभीरता से समझें- क्योंकि यात्रियों का भरोसा टूटना उद्योग के लिए सबसे बड़ा नुकसान है।

# ताइवान संकट, जापान की सुरक्षा नीति और भारत के लिए बदलता इंडो-पैसिफिक समीकरण

डॉ प्रियंका सौरभ
स्तंभकार



जापान और चीन के बीच बढ़ते तनाव के केंद्र में आज ताइवान का प्रश्न है, जिसने पूरे इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में शक्ति-संतुलन को नया मोड़ दे दिया है। भौगोलिक निकटता, समुद्री हितों और ऐतिहासिक संवेदनशीलताओं के कारण जापान ताइवान की स्थिरता को अपने ही राष्ट्रीय सुरक्षा हितों का विस्तार मानता है। पिछले कुछ वर्षों में चीन द्वारा ताइवान के आसपास की सैन्य गतिविधियों में तेज़ी- चाहे वह वायु क्षेत्र का उल्लंघन हो, मिसाइल परीक्षण हों या बड़े पैमाने पर नौसैनिक अभ्यास ने जापान की खतरा-धारणा को पूरी तरह बदल दिया है। साल 2022 में चीनी मिसाइलों का जापान के विशेष आर्थिक क्षेत्र में गिरना इस बात का सटीक संकेत था कि ताइवान संकट सीधे जापान के भू-राजनीतिक वातावरण को प्रभावित करता है।

इसी कारण जापान ने अपनी सुरक्षा-रणनीति में अभूतपूर्व परिवर्तन किए हैं। दशकों से चले आ रहे शांतिवादी दृष्टिकोण के बावजूद उसने रक्षा-व्यय को दोगुना कर जीडीपी के 2 फ़ीसदी तक ले जाने का निर्णय लिया है। लंबे समय से निष्क्रिय पड़े सैन्य ढाँचों को पुनर्जीवित किया जा रहा है, दक्षिण-पश्चिमी द्वीपों पर नई मिसाइल तैनाती की जा रही है और अमेरिका के साथ संयुक्त संचालन क्षमता को काफी बढ़ाया गया है। जापान समझता है कि यदि ताइवान में संघर्ष उत्पन्न होता है तो चीन की आक्रामकता सेंकाकू द्वीपों और जापानी जलक्षेत्रों की ओर भी बढ़ सकती है। इसलिए उसकी पूरी सुरक्षा-दृष्टि अब ताइवान जलडमरूमध्य की स्थिरता से गहराई से जुड़ चुकी है।

यह परिवर्तन उसकी विदेश-नीति में भी स्पष्ट दिखाई देता है। पहले जहाँ जापान ताइवान मुद्दे पर खुलकर बोलने से कतराता था, आज वह अंतरराष्ट्रीय मंचों पर बार-बार 'ताइवान जलडमरूमध्य में शांति और स्थिरता' को अनिवार्य बता रहा है। चीन के प्रति उसका कूटनीतिक रुख कहीं अधिक सख्त हुआ है। ताइवान को लेकर जापानी प्रधानमंत्री की टिप्पणी पर चीन की धमकियों के बाद जापान द्वारा चीनी राजदूत को तलब करना इस बदलाव का प्रतीक है। साथ ही जापान अब क्वाड, आसियान देशों और यूरोपीय साझेदारों के साथ नई सुरक्षा-संरचनाएँ विकसित कर रहा है, ताकि चीन की बढ़ती सैन्य क्षमता का संतुलन बनाया जा सके। यह संपूर्ण परिदृश्य भारत के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। भारत और जापान दोनों चीन की आक्रामक प्रवृत्ति से चिंतित हैं, इसलिए दोनों देशों के बीच सुरक्षा-सहयोग स्वाभाविक रूप से गहरा हो रहा है। क्वाड की सामरिक महत्ता बढ़ी है और हिंद-प्रशांत में समुद्री निगरानी, नौसैनिक अभ्यास और तकनीकी सहयोग में तेजी आई है। जापान का सैन्य आधुनिकीकरण भारत के लिए रक्षा-उद्योग, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और समुद्री सुरक्षा के क्षेत्र में नए अवसर खोलता है।

परंतु चुनौतियाँ भी कम नहीं हैं। भारत चीन के साथ स्थिर संबंध बनाए रखना चाहता है, क्योंकि सीमा-क्षेत्र की शांति और आर्थिक सहयोग उसकी प्रत्यक्ष आवश्यकता है। किंतु चीन-जापान तनाव का बढ़ना भारत-चीन संतुलन को और जटिल बनाता है। यदि भारत जापान और अमेरिका के साथ ज्यादा निकटता दिखाता है तो चीन सीमा पर दबाव बढ़ा सकता है। दूसरी बड़ी चिंता ताइवान जलडमरूमध्य में किसी भी सैन्य संकट से जुड़ी है। भारत के लिए यह समुद्री मार्ग अत्यंत महत्वपूर्ण है; यहाँ किसी भी अस्थिरता से ऊर्जा आयात, व्यापार, इलेक्ट्रॉनिक चिप आपूर्ति और संपूर्ण समुद्री परिवहन पर भारी असर पड़ेगा। इससे भारत की



आर्थिक गति और सुरक्षा व्यवस्था दोनों को जोखिम हो सकता है। तीसरी चुनौती अमेरिका की 'रणनीतिक अस्पष्टता' है। अमेरिका ने कभी स्पष्ट नहीं कहा कि ताइवान पर हमले की स्थिति में वह सैन्य हस्तक्षेप करेगा या नहीं। यह अनिश्चितता पूरे क्षेत्र को दुविधा की स्थिति में डालती है। जापान और ताइवान तो इससे चिंतित हैं ही, भारत के लिए भी यह प्रश्न महत्वपूर्ण है, क्योंकि क्वाड की वास्तविक उपयोगिता इसी पर निर्भर करती है कि अमेरिका किस हद तक निर्णायक भूमिका निभाता है। यदि अमेरिका अनिश्चित रहता है, तो चीन को क्षेत्र में और आक्रामक कदम उठाने का प्रोत्साहन मिल सकता है, जिसका असर भारत की सुरक्षा-संतुलन पर भी पड़ेगा।

इन जटिलताओं के बीच भारत के लिए अवसर भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं। जापान की नई सक्रियता रक्षा-उद्योग सहयोग, समुद्री तकनीक, पनडुब्बी क्षमता और संयुक्त सैन्य अभ्यासों को नई दिशा दे सकती है। भारत और जापान मिलकर एक स्थिर और नियम-आधारित इंडो-पैसिफिक की दिशा में ठोस कदम उठा सकते हैं। व्यापार-मार्गों का विविधीकरण भी भारत के लिए अनिवार्य होगा, ताकि ताइवान जलडमरूमध्य पर अत्यधिक निर्भरता कम हो सके। अंततः ताइवान संकट ने यह स्पष्ट कर दिया है कि इंडो-पैसिफिक का भविष्य अब पुराने समीकरणों पर नहीं चल सकता। जापान अपनी सुरक्षा-रणनीति को नए सिरे से परिभाषित कर रहा है, चीन अपनी शक्ति का विस्तार जारी रखे हुए है और अमेरिका अपनी भूमिका को आंशिक रूप से पुनर्संतुलित कर रहा है।

इंडो-पैसिफिक के बदलते समीकरण भारत के लिए चुनौतीपूर्ण भी हैं और अवसर भी। यह समय भारत की सामरिक परिपक्वता, आर्थिक शक्ति-विस्तार और निर्णायक विदेश-नीति का है। यदि भारत इन सभी पहलुओं को संतुलित रूप से साध लेता है तो वह न केवल क्षेत्रीय शक्ति-संतुलन को प्रभावित करेगा बल्कि आने वाले वर्षों में इंडो-पैसिफिक के भविष्य का एक प्रमुख निर्धारक भी बनेगा।

**-यह लेखक के अपने विचार हैं।**

# ओटीटी पर बढ़ती अश्लीलता को लेकर साहित्य परिषद और सर्वोच्च न्यायालय गंभीर

डॉ. प्रवीण दाताराम गुगनानी
स्तंभकार



नवंबर माह में विमर्श क्षेत्र में दो बड़ी घटनाएँ घटी। दोनों अति महत्वपूर्ण हैं और दोनों ही में गहन अंतरसंबंध है। घटना एक - नवंबर प्रारंभ मे अखिल भारतीय साहित्य परिषद् ने अपने 17 वें राष्ट्रीय अधिवेशन में ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर प्रसारित हो रही अश्लील, संस्कृति विरोधी सामग्री के विरुद्ध अपनी चिंता प्रकट की और इसके विरुद्ध एक प्रस्ताव पारित कर राष्ट्र के शासन, प्रशासन, जनता के समक्ष अपनी चिंता को प्रकट किया है। अभासाप अर्थात् राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का संवैचारिक संगठन, अखिल भारतीय साहित्य परिषद्। यह संगठन भारत में जन्मी सभी भाषा, बोलियों, लिपियों के सरंक्षण, संवर्धन, संवरण का कार्य करता है। अपने षष्ठिपूर्ति वर्ष की ओर बढ़ रहे इस संगठन का ताप, व्याप और आलाप समूचे विश्व में देखा-सुना जा सकता है।

घटना दो - नवम्बर के अंत में ही, देश के उच्चतम न्यायालय ने भी भारतीय ओटीटी नियमन, इस पर प्रसारित हो रही अश्लीलता व मूल्यहीनता पर चिंता प्रकट की है।

भारतीय समाज जैसे संज्ञावान, प्रज्ञावान समाज में ऐसी स्थिति बनी ही क्यों? इस प्रश्न का उत्तर स्वयं समाज को खोजना चाहिए। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और संघ के संवैचारिक संगठन समाज की किसी भी समस्या के सदंर्भ में एक सीमा तक चुप ही रहते हैं किंतु समाज में 'असंगत घटनाओं' के संदर्भ में अदृश्य रूप से विमर्श अवश्य जागृत करते रहते हैं। जब इस विमर्श से भी काम नहीं चलता एवं समाज जागृत नहीं होता है तब ही संघ या संघ के संवैचारिक संगठन सार्वजनिक रूप से किसी कार्य के सूत्रों को अपने हाथों में लेते हैं। ऐसी स्थिति में भी संघ सूत्रधार तो रहता है किंतु उसे नेपथ्य में ही रहना रुचिकर लगता है। इस हेतु से ही साहित्य परिषद् ने ओटीटी की अश्लीलता, गेमिंग एप्स के घातक परिणामों के प्रति समाज जागरण का यह कार्य प्रारंभ किया है। ये दोनों ही घटनाएँ एक स्वस्थ, संपन्न, व समृद्ध राष्ट्र हेतु एक शुभ लक्षण हैं। यद्यपि इस प्रकार का प्रसारण प्रारंभ ही नहीं होना चाहिए था। अब शीघ्र ही बंद हो ही जाना चाहिए।

साहित्य परिषद् ने समाज में भौतिकता वादी शक्तियों, बाजारवाद, ओटीटी प्लेटफॉर्म्स की नकारात्मकता, समाज विरोधी स्वरूप, जीवन मूल्य विहीन प्रसारण आदि पर अपनी चिंता, राष्ट्र के समक्ष प्रकट की है। साहित्य परिषद् ने मनोरंजन के नाम पर प्रसारित इस गंदगी को अत्यंत लज्जास्पद एवं निंदनीय बताया है। परिषद् ने चेताया है कि, ये सामग्री युवावर्ग और बालमन व मस्तिष्क में उग्रता, अश्लीलता, विकृत यौनाचार और नशाखोरी जैसे दुराचारों को महिमा मंडित कर उन्हें अधोपतन की ओर अग्रसित कर रही है। इन माध्यमों में प्रदर्शित अधिकांश दृश्य व सामग्री नकारात्मक दृष्टिकोण को बढ़ावा देने वाली होती है। साहित्य परिषद् ने ओटीटी के माध्यम से चल रहे गेमिंग एप्स और उससे बढ़ रही आत्महत्या की प्रवृत्ति को भी राष्ट्र के संज्ञान में लाया है। परिषद् ने अपने पारित प्रस्ताव में ओटीटी पर प्रसारित होने वाली अधिकांश सामग्री को भारतीय जीवन मूल्यों पर आघात करने वाली, राष्ट्र के स्वरूप व छवि को विकृत करके प्रस्तुत करने वाली सामग्री बताते हुए अपनी चिंता प्रकट की है। परिषद् ने कहा है कि ऐसी सामग्री का अनियंत्रित प्रसारण समाज एवं राष्ट्र जीवन के लिए अत्यधिक घातक है।

विगत कुछ वर्षों में भारत राष्ट्र में 'अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता' के नाम पर कुछ भी वितंडा उत्पन्न किए जा रहे हैं। 'अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता' के पश्चिम कुबोध ने या यूँ कहे कि इसकी 'पश्चिमी प्रेत छाया' ने भारत में अभिव्यक्ति के अर्थों को पुनर्परिभाषित की आवश्यकता इंगित कर दी है। अब समाज इस अभिव्यक्ति को पुनर्परिभाषित करे या यूँ ही ओटीटी पर अश्लीलता व ऑनलाइन गेमिंग से बर्बाद होती अपनी पीढ़ी के प्रति आँखे मूँदे रहे; यही दो मार्ग



हैं। एक मार्ग चुनना है, विकास या विनाश; यही युगधर्म है। इस अनुरूप साहित्य परिषद् ने कहा है - अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अर्थ यह नहीं कि समाज की गरिमा और नैतिकता को नष्ट करने की छूट दी जाए। स्वतंत्रता और अनुशासन, सृजन और मर्यादा, ये दोनों एक दूसरे के पूरक हैं। साहित्य परिषद् ने अपने राष्ट्रीय अधिवेशन में आगामी तीन वर्षों हेतु 'आत्मबोध से विश्वबोध' पर चिंतन, मनन, अध्ययन का वैचारिक मार्ग निश्चित किया है। आत्मबोध करते हुए ही यह विकृति ध्यान में आती है। भारत राष्ट्र की, जन-मन की विश्वबोध क्षमता के प्रकटीकरण, विश्वगुरु बनने के मार्ग पर अग्रसर होने के मध्य निश्चित ही यह चिंतनीय प्रस्ताव और यह मांगपत्र स्वयं में एक प्रकाशस्तम्भ की भाँति समाज का मार्ग आलोकित कर रहा है।

न्यायालय ने ओटीटी प्लेटफॉर्म पर अश्लील सामग्री को लेकर चिंता प्रकट करते हुए सरकार से इस पर प्रभावी नियंत्रण के लिए एक स्वतंत्र और स्वायत्त निकाय बनाने या वर्तमान नियमों को सुदृढ़ करने की आवश्यकता पर बाल दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का दुरुपयोग नहीं होना चाहिए और अश्लील सामग्री के लिए हमेशा पहले से चेतावनी दी जानी चाहिए। मान. सर्वोच्च न्यायाधीश ने कहा है कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता एक अमूल्य अधिकार है किंतु यह विकृति का कारण नहीं बन सकती।

**-यह लेखक के अपने विचार हैं।**

## सुविचार

*'महत्वपूर्ण बात यह नहीं है कि हर बच्चे को पढ़ाया जाना चाहिए, बल्कि हर बच्चे को सीखने की इच्छा दी जानी चाहिए।'*
*- जॉन लुबॉक*

हेल्थ टिप्स

# औरतों के लिए भी पावरफुल है अश्वगंधा, हॉर्मोनल समस्याओं पर असर

**भारत** में सदियों से तमाम बीमारियों के इलाज में जड़ी-बूटियों का इस्तेमाल किया जा रहा है, जिनके फायदे की समय के साथ मेडिकल साइंस ने भी पुष्टि की है। आज के समय में भी लोग अपने रोगों के लिए इन हर्ब्स का इस्तेमाल करना पसंद करते हैं। उनमें से एक शक्तिशाली है अश्वगंधा। अश्वगंधा, आयुर्वेद में एक बहुत ही मशहूर और शक्तिशाली औषधि है, जो स्वास्थ्य से जुड़ी कई समस्याओं से राहत देने में मदद करती है। हालांकि अक्सर अश्वगंधा को केवल मर्दों के लिए ही फायदेमंद बताया जाता है जबकि महिलाएं भी इस जड़ी-बूटी से अपनी कई प्रॉब्लम्स को ठीक कर सकती हैं।





न्यूट्रिशनिस्ट रमिता कौर ने अपने इंस्टाग्राम पर हाल ही में एक वीडियो शेयर कर अश्वगंधा के फायदों के बारे में जानकारी दी है। उन्होंने बताया किस तरह से अश्वगंधा का सेवन आपके स्ट्रेस को खत्म करने, हॉर्मोन्स को संतुलित करने और वजन को कम करने में मदद कर सकता है।

**अश्वगंधा के सेवन के फायदे:** आज के समय में व्यस्त लाइफस्टाइल और खराब खानपान की वजह से स्ट्रेस, अपर्याप्त या खराब क्वालिटी की नींद, एनर्जी की कमी, बेली फैट जैसी समस्याएं काफी आम होती जा रही हैं। लेकिन अगर आप इन सारी समस्याओं का आसान हल चाहते हैं तो एक आयुर्वेदिक जड़ी-बूटी का इस्तेमाल कर सकते हैं, जो यह सब ठीक कर सकती है। न्यूट्रिशनिस्ट का कहना है कि महिलाएं और पुरुष दोनों अश्वगंधा के सही इस्तेमाल से ये सारे फायदे पा सकते हैं। जिंदगी में कभी-कभार थोड़ा बहुत स्ट्रेस महसूस होना आम बात है लेकिन अगर आप हमेशा ही तनाव से घिरे रहते हैं और एंग्जायटी महसूस करते हैं तो इससे राहत पाने के लिए आप अश्वगंधा को अपनी डाइट का हिस्सा बना सकते हैं। दरअसल, यह कॉर्टिसोल के लेवल को नेचुरली कम करता है, जो कि एक स्ट्रेस हॉर्मोन है।

**कैसे करें सेवन:** आप अश्वगंधा का कई तरह से सेवन कर सकते हैं, जैसे कि- सोते समय गर्म दूध या पानी में आधा या 1 छोटा चम्मच अश्वगंधा पाउडर मिला सकते हैं। सोने से पहले 1 गोली (मार्गदर्शन के अनुसार) ले सकते हैं। जड़ को पानी में उबालें, सोने से पहले चाय की तरह घूंट-घूंट करके पिएं। कुछ स्थितियों में अश्वगंधा का सेवन करने से बचना चाहिए। प्रेग्नेंसी में, शरीर में अधिक गर्मी होने पर, या कोई चिकित्सीय समस्या होने पर डॉक्टर की सलाह के बिना इसका सेवन करने से बचें।

## निशाना

### बस्तियां वो सूनी हो चलीं..!



बाबूलाल कदम

खूवाहिशें अब खूनी हो चलीं,
चिताएँ जल धूनी हो चलीं।
इंसानियत गुलज़ार थी जहाँ,
बस्तियाँ वो सूनी हो चलीं।।
बूंद भर प्यास थी तरसते रहे,
बादल पर्वत पर्वत बरसते रहे,
सौगात घरानों में लुटी और हम,
राहत खोजते रस्ते रस्ते रहे,
तोहमत और तबाहियां देखी,
तिस पर वाह वाहियां देखी,
बांह में पनाह लिए गुनाह,
कारा में बेगुनाहियां देखी।

टेक अपडेट

# गूगल बनाएगा आपकी बेस्ट फोटोज का वीडियो कुछ दिनों के लिए लेकर आया है खास फीचर

गूगल फोटोज़ ने 2025 के लिए अपनी रिकेप सुविधा पेश कर दी है। इस बार कंपनी ने इसे और भी खास बना दिया है। अब यह सुविधा गूगल के AI मॉडल जेमिनी (Gemini) की मदद से आपके साल भर की बेहतरीन फोटोज को सिलेक्ट करके एक शानदार वीडियो बनाएगी। इसमें सेल्फी की संख्या जैसी नई डिटेल भी शामिल होगी और आप इन यादों को CapCut जैसे ऐप्स के जरिए आसानी से शेयर कर पाएंगे। यह फीचर 4 दिसंबर, 2025 से उपलब्ध हो गया है।



Google का AI मॉडल Gemini की मदद से गूगल फोटोज आपके सबसे अच्छे पलों को पहचान लेगा। यह सिर्फ तस्वीरों का कलेक्शन नहीं होगा, बल्कि यह आपके साल का एक पर्सनल हाईलाइट रील होगा। AI आपके सबसे खुशनुमा लम्हों को खुद सिलेक्ट करेगा। इसके अलावा, इस बार फीचर में एक और अपडेट मिला है। अब आपको पता चलेगा कि आपने 2025 में कितनी सेल्फी लीं हैं। यह एक मजेदार डेटा है, जो आपकी डिजिटल आदतों को दिखाता है। यह भी बताया कि आपके सबसे ज्यादा फोटो में कौन लोग आए हैं। गूगल ने एक सेल्फी काउंटर भी जोड़ा है। यह उन लोगों के लिए एक छोटा सा फीचर है, जो अपनी फोटो खींचने की आदतों पर नजर रखना पसंद करते हैं। अब कंपनी ने शेयरिंग को भी आसान बना दिया है। आप अपने रिकैप को सीधे CapCut जैसे पॉपुलर एडिटिंग ऐप्स पर भेज सकते हैं। इससे आप अपनी यादों को और भी क्रिएटिव तरीके से एडिट करके दोस्तों और परिवार के साथ शेयर कर सकते हैं।

Gemini AI आपकी फोटो में छिपी बातों को समझकर आपके साल की मेन हॉबी और चार खास पलों को अपने आप पहचान लेगा। यह सब उन US यूजर्स के लिए है, जिनके फोन में Gemini फीचर्स ऑन है। गूगल का कहना है कि Gemini मॉडल आपकी तस्वीरों में क्या हो रहा है, यह समझ सकते हैं। इससे वे आपकी गैलरी से ज्यादा मतलब वाली बातें निकाल पाएंगे। इस बार गूगल ने यूजर्स को ज्यादा कंट्रोल भी दिया है। अगर आप किसी खास व्यक्ति या पल को अपने Recap में नहीं दिखाना चाहते, तो आप उसे छिपा सकते हैं। फिर Recap को दोबारा जनरेट किया जा सकता है। कंपनी ने कहा है कि उन्होंने आपकी प्रतिक्रिया सुनी और खास लोगों या तस्वीरों को छिपाने का ऑप्शन जोड़ा है।

**सीधा व्हाट्सऐप पर कर पाएंगे शेयर:** अब रीलों के अंत में आपको छोटे वीडियो, कोलाज और एडिट्स का एक कैरोसेल मिलेगा। यह ग्रुप चैट, इंस्टाग्राम या व्हाट्सऐप के लिए डिजाइन किया गया है। व्हाट्सऐप स्टेटस पर सीधे अपना Recap शेयर करने के लिए एक नया वन-टैप ऑप्शन भी है। आपका 2025 Recap, Google Photos ऐप में 'Memories' कैरोसेल में दिखाई देगा। अगर यह अपने आप नहीं दिखता है, तो ऐप आपको इसे मैन्युअल रूप से रिक्वेस्ट करने के लिए कह सकता है। एक बार जनरेट होने के बाद, यह पूरे दिसंबर महीने तक आपके 'Memories' कैरोसेल में रहेगा और 'Collections' टैब में पिन रहेगा।

अजब - गजब

# इमरजेंसी वार्ड में तंत्र-मंत्र ! सरकारी अस्पताल में भगत का कब्जा, देखते रहे डॉक्टर- नर्स

**समस्तीपुर:** समस्तीपुर सदर अस्पताल का इमरजेंसी वार्ड में उस वक्त हैरान करने वाला दृश्य बन गया, जब इलाज के बीच अचानक एक कथित भगत की 'स्पेशल एंट्री' हो गई। वायरल वीडियो में देखा गया कि भगत आराम से मरीज के पास बैठकर मंत्र पढ़ रहा है, हाथ-पैर घुमा रहा है। अपना पूरा झाड़-फूंक कार्यक्रम चला रहा है। जैसे अस्पताल ने उसे आधिकारिक रूप से अस्थायी तांत्रिक नियुक्त कर रखा हो। मरीज फूलो देवी को पेट दर्द की शिकायत पर भर्ती किया गया था. डॉक्टरों ने जांच कर इलाज शुरू भी किया था, लेकिन परिजनों ने सोचा कि मरीज को अब मेडिकल से ज्यादा 'आस्था पावर' की जरूरत है। नतीजतन, भगत बाबा को सीधे इमरजेंसी वार्ड ही बुला लिया गया। अस्पताल में किसी ने रोक-टोक तक नहीं की।

भगत करीब 15-20 मिनट तक बिना किसी रुकावट के मंत्र पढ़ता और झाड़-फूंक करता रहा। इस दौरान नर्सिंग स्टाफ और सुरक्षा कर्मियों ने न उसे हटाया, न पूछा कि यह सब इमरजेंसी वार्ड में क्या हो रहा है। सब ऐसे गुजरते रहे जैसे यह अस्पताल नहीं, बल्कि रोज सुबह होने वाला 'अस्थायी पूजा-पाठ सत्र' हो। कुछ मरीज और परिजन भी तमाशबीन की तरह खड़े रहे, मानो उन्हें नया मनोरंजन मिल गया हो। इंजेक्शन, दवाइयां, स्टेथोस्कोप सब अपनी जगह थे, पर माहौल पूरी तरह भगत बाबा के कब्जे में। इससे अस्पताल की



सुरक्षा व्यवस्था और अनुशासन दोनों पर गंभीर सवाल उठे हैं। आखिर इमरजेंसी वार्ड, जहां डॉक्टरों को तत्काल मरीज तक पहुंचना चाहिए, वहाँ झाड़-फूंक का ऐसा शो कैसे

जैसे ही वीडियो सोशल मीडिया पर फैल गया, लोगों ने स्वास्थ्य विभाग पर तंज कसना शुरू कर दिया। कई यूज़र्स ने लिखा कि बिहार के अस्पतालों में अब नए विभाग खुल गए, मेडिसिन, सर्जरी और झाड़-फूंक। यह घटना इसलिए भी चिंताजनक है क्योंकि डॉक्टर और स्टाफ नजरअंदाज करते दिखे, जिससे लगा कि अस्पताल में व्यवस्था किसके हाथ में है, मेडिकल टीम के या भगत बाबा के। सदर अस्पताल के डीएस डॉ. गिरीश ने बताया कि संबंधित सुरक्षा कर्मियों से जवाब-तलब किया गया है। ऐसी घटना अस्पताल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। फिलहाल जांच जारी है और लोग इंतजार कर रहे हैं कि इस 'भगत इलाज' प्रकरण पर प्रशासन कितनी सख्ती दिखाता है।

## न्यूज विंडो

### आबकारी विभाग की कार्रवाई अवैध शराब जब्त, छह केस दर्ज



**गंजबासौदा।** आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा को लेकर अभियान चला रहा है। अभियान के दौरान क्षेत्र में कई जगह कार्रवाई करते हुए सामग्री जब्त की गई। कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशानुसार जिला आबकारी अधिकारी शरद पाठक के मार्गदर्शन तथा सहायक जिला आबकारी अधिकारी राजीव थापक एवं साधना पटेल के नेतृत्व में शुक्रवार को वृत्त गंजबासौदा में विशेष दबिश अभियान चलाया गया। कार्यवाही की जानकारी देते हुए जिला आबकारी अधिकारी पाठक ने बताया कि अभियान के दौरान जिला आबकारी बल ने 12 स्थानों पर तलाशी कार्रवाई की गई है। तलाशी के दौरान अवैध मदिरा के संबंध में 6 प्रकरण दर्ज किए गए तथा आरोपियों के कब्जे से भारी मात्रा में अवैध मदिरा एवं कच्चा माल जब्त करते हुए आबकारी अधिनियम के तहत वैधानिक कार्रवाई की गई।

### बैठक में लिया निर्णय, नेशनल लोक अदालत 13 दिसंबर को



**गंजबासौदा।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेश के पालन में 13 दिसंबर को न्यायालय परिसर बासौदा में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाना है, उक्त लोक अदालत में आपराधिक शमनीय प्रकरण, परकाम्य लिखत अधिनियम की धारा 138 के अंतर्गत प्रकरण, बैंक रिकवरी संबंधी मामले, एमएसीटी प्रकरण मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा प्रकरण, वैवाहिक प्रकरण विद्युत एवं जल कर बिल संबंधी प्रकरण एवं अन्य समस्त प्रकार के राजीनामा योग्य प्रीलिटिगेशन एवं न्यायालयों में लंबित प्रकरणों को निराकरण हेतु रखा जाना है। उक्त नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए शुक्रवार को अभिभाषक संघ के समस्त अधिवक्तागण के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित अधिवक्तागण से लोक अदालत में रखे जाने वाले न्यायालयों में लंबित राजीनामा योग्य प्रकरणों के संबंध में विचार विमर्श एवं चर्चा की गयी एवं लोक अदालत में रखे जाने वाले प्रकरणों को चिन्हित किया गया एवं अधिक से अधिक प्रकरणों को राजीनामा के आधार पर निराकृत कराये जाने की अपेक्षा की गयी। ताकि आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक पक्षकारों को लाभान्वित किया जा सके।

### जबलपुर के गांव में हो रहा था बाल विवाह, टीम ने पहुंच कर रुकवाया



**जबलपुर।** जबलपुर के पवई गांव में स्थित एक मंदिर पर बाल विवाह चल रहा था। जानकारी लगते ही दोपहर को महिला बाल विकास के साथ पाटन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और विवाह को रुकवाया। जांच के दौरान पता चला कि 16 साल की किशोरी का 19 साल के शख्स के साथ शादी हो रही थी। इस दौरान उनके परिवार वाले भी मौजूद रहे। टीम ने परिजनों को समझाइश देते हुए अपने-अपने घर रवाना कर दिया।जानकारी के मुताबिक कटंगी में रहने वाली लड़की का मेढ़ी गांव के युवक से विवाह हो रहा था। मंदिर में दोनों पक्ष के लोग मौजूद थे। मंदिर में ही टैंट और मंडप लगाया गया था। शादी के लिए बैंड बज रहा था। उसी दौरान महिला बाल विकास विभाग के साथ पाटन थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और विवाह को रुकवा दिया।

### संजय को रास आया धान का स्वाद... सोसायटी और समूह में कब्जा

**शहडोल।** जैतपुर लैम्प्स के बिरौड़ी केंद्र की यही नई परंपरा बन गई है। स्थानीय किसानों के बीच चर्चा है अभय और संजय को धान का ऐसा स्वाद रास आया है कि खरीद केंद्र मानो उसका निजी खलिहान बन गया हो। हालात ये है कि सरकारी भी हमारीज्समूह भी हमारा, की कहावत यहां एकदम सटीक बैठती दिख रही है। केंद्र पर खरीदी की प्रक्रिया जब



सरकारी होती है तब भी इनका दखल और जब समूह का हो तब भी इन्ही का जुगाड़। इनके अपने रहते हुए केंद्रों में जिस तरह संचालन में भर्रेशाही रहता है। सूत्र बताते हैं कि संजय और अभय ऐसे घाघ हैं कि जैतपुर और बिरौड़ी केंद्र में सुबह से लाइन में लगने वाले वास्तविक किसान इंतजार करते रह जाते हैं, जबकि कुछ चुनिंदा और दलाल लोगों के ट्रैक्टर सीधे अंदर दाखिल हो जाते हैं। किसान आरोप लगाते हैं कि संजय एंड कंपनी ने खरीदी केंद्र को अपनी निजी जागीर बना रखा है। कौन-सा किसान पहले तोलेगा, कौन-सा शाम तक रुकेगा और किसका नंबर अगले दिन लगेगा सब कुछ बंद कमरों में होने वाली फुसफुसाहटों से तय होता है पारदर्शिता के नाम से संजय और अभय की अपनी मर्जी और सेटिंग चलती है। जैतपुर लैम्प्स अन्तर्गत बिरौड़ी प्रबंधन पर सवाल इसलिए भी उठ रहे हैं क्योंकि सरकारी दिशा-निर्देशों के अनुसार खरीदी केंद्रों में प्राथमिकता वास्तविक किसानों को दी जानी चाहिए, लेकिन यहां खेल उल्टा है।

### महेश्वर में लोकायुक्त टीम की बड़ी कार्रवाई

# 25 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए पटवारी रंगे हाथों गिरफ्तार



**महेश्वर। दोपहर मेट्रो**

खरगोन जिले में भ्रष्टाचार के विरुद्ध चल रहे विशेष अभियान के तहत लोकायुक्त संगठन ने एक और बड़ी सफलता अर्जित की है। महानिदेशक लोकायुक्त श्री योगेश देशमुख एवं उप पुलिस महानिरीक्षक मनोज कुमार सिंह के सख्त निर्देशों के बाद इंदौर लोकायुक्त इकाई ने शुक्रवार को एक प्रभावी ट्रैप कार्रवाई को अंजाम देते हुए मंडलेश्वर तहसील के पटवारी को रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया।

मामले के अनुसार ग्राम खारिया, तहसील महेश्वर निवासी 32 वर्षीय किसान बच्चू चौहान ने लोकायुक्त इंदौर में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसने और उसके भाई ने 29 सितंबर 2025 को ग्राम खारिया में कृषि भूमि खरीदी थी, जिसके नामांतरण की प्रक्रिया पटवारी कार्यालय में लंबित थी। आवेदक ने बताया कि उसने अपनी पत्नी रिंकू चौहान और भाई ने अपनी पत्नी अनिता चौहान के नाम से खसरा नंबर 7/1/2 के कुल रकबा 3.035 हेक्टेयर के हिस्से खरीदे थे। आवश्यक दस्तावेज पटवारी छतरसिंह चौहान को सौंपने के बाद आरोपी ने नामांतरण करने के बदले 1,00,000 की रिश्वत की मांग की।

किसान द्वारा राशि अधिक होने पर विरोध जताने पर आरोपी पटवारी 50,000 में नामांतरण की प्रक्रिया करने के लिए राजी हुआ। इसके बाद भी उसने जल्द काम करवाने के लिए 25,000 की पहली किश्त तत्काल देने का दबाव बनाया। परेशान आवेदक ने इसकी शिकायत पुलिस अधीक्षक (विपुस्था) श्री राजेश सहाय, लोकायुक्त कार्यालय इंदौर को सौंपी। शिकायत सही पाए जाने पर आज ट्रैप दल का गठन किया गया।

#### मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई जारी

योजना के तहत टीम ने आरोपी की गतिविधियों पर नजर रखते हुए उसे पकड़ने के लिए रणनीति बनाई। जैसे ही आरोपी पटवारी ने आवेदक से 25,000 की पहली किश्त ली, लोकायुक्त की टीम ने मौके पर पहुंचकर उसे रंगे हाथों दबोच लिया। आरोपी के हाथों तथा कपड़ों पर केमिकल की पुष्टि भी मिली, जिससे रिश्वत लेने का अपराध प्रमाणित हो गया। लोकायुक्त ने पटवारी छतरसिंह चौहान के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण संशोधन अधिनियम 2018 की धारा 7 के अंतर्गत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। कार्यवाहक उपुअ आनंद चौहान, कार्यवाहक प्रआर रणजीत द्विवेदी, आरक्षक विजय कुमार, आरक्षक सतीश यादव, आरक्षक पवन पटोरिया, आरक्षक आशीष नायडू एवं आरक्षक चंद्रमोहन बिष्ट इस कार्रवाई में शामिल रहे।

### अवैध गांजा खेती पर कार्रवाई

## 9.88 लाख रुपए के 278 पौधे किए जब्त



**महेश्वर। दोपहर मेट्रो**

खरगोन जिले में अवैध मादक पदार्थों की खेती और तस्करी पर नकेल कसने के लिए पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत महेश्वर क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण कार्रवाई को अंजाम दिया गया। पुलिस ने चौकी काकड़दा थाना महेश्वर क्षेत्रांतर्गत तीन अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर अवैध रूप से उगाए गए कुल 278 गांजा पौधे वजनी लगभग 197.820 किलो जप्त किए, जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 9 लाख 88 हजार 500 रुपये बताई गई है। तीनों मामलों में प्रकरण दर्ज किए गए हैं।

पुलिस महानिरीक्षक इंदौर जोन (ग्रामीण) अनुराग और उप पुलिस महानिरीक्षक निमाड़ रेंज श्री सिद्धार्थ बहुगुणा ने जिले में बढ़ रहे अवैध मादक पदार्थों के उत्पादन और कारोबार पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए थे। इनके पालन में पुलिस अधीक्षक खरगोन श्री रविंद्र वर्मा तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शंकुतला रुहल ने सभी थाना प्रभारियों को सख्त कार्रवाई करने के आदेश जारी किए थे। इसी क्रम में थाना महेश्वर पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई कर एक बड़ी सफलता अर्जित की। दिनांक 4 दिसंबर 2025 को थाना महेश्वर को मुखबिर से सूचना मिली कि भवनतलाई और हिण्डोला गवाड़ी क्षेत्र के कुछ किसानों ने कपास की फसल के बीच छिपाकर गांजे के पौधे लगा रखे हैं। सूचना की गंभीरता को देखते हुए तत्काल थाना प्रभारी निरीक्षक जगदीश गोयल के नेतृत्व में तीन अलग-अलग पुलिस टीमों का गठन किया गया, जिनका नेतृत्व उपनिरीक्षक मिथुन चौहान, उपनिरीक्षक प्रियंका तोमर और उपनिरीक्षक राकेश सिसोदिया ने किया।

### संभाग स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता में छात्रों का चयन



**गंजबासौदा। दोपहर मेट्रो**

मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग खेल कूद प्रतियोगिता में लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय के छात्र मयंक यादव बीकॉम , ओम रघुवंशी, अनिकेत कुशवाह ,तमिश राजपूत, चयन संभाग स्तरीय खो खो प्रतियोगिता के लिए किया गया। महाविद्यालय खेल अधिकारी मनीष अहिरवार ने बताया कि जिला स्तरीय खो खो प्रतियोगिता डीबीएम महाविद्यालय सिरोंज में आयोजित की गई थी जिसमें महाविद्यालय के छात्रों ने अपना शानदार खेल दिखाया और प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया जिससे उनका चयन संभाग स्तरीय खो खो प्रतियोगिता के लिए किया गया है। संभाग स्तरीय प्रतियोगिता 6 दिसम्बर को शासकीय महाविद्यालय भेरूंदा सीहोर जिले में आयोजित की जाएगी। जिसमें महाविद्यालय के छात्र विदिशा जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे छात्रों की इस उपलब्धि पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर इंद्रा दुबे , उप प्राचार्य डॉक्टर पीयूष दुबे , विधि विभाग प्रभारी आरआर द्विवेदी सहित सभी ने छात्रों को शुभकामनाएं दी।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से दो लोगों की मौत, पीएम आज

**नर्मदापुरम। दोपहर मेट्रो**

जिले के शोभापुर क्षेत्र में ग्राम बरेली के पास एक अज्ञात वाहन ने बाइक सवार दो व्यक्तियों को टक्कर मार दी, जिससे दोनों की मौत हो गई। दोनों मृतक गुर्जर समाज से थे और ग्राम अजेरा के निवासी थे। घटना शुक्रवारदेर शाम हुई। रात का अंधेरा और सुनसान रास्ता होने के कारण दुर्घटना करने वाले वाहन की पहचान नहीं हो सकी।ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस चौकी प्रभारी एसआई सुरेश चौहान मौके पर पहुंच गए, लेकिन जब उन्होंने एंबुलेंस को बुलाया तो वह नहीं पहुंच सकी। इसलिए पुलिसकर्मियों और ग्रामीणों ने खून से लतपत मृतकों के शवों को सोहागपुर ले जाकर मृत घोषित किया। इस पर ग्रामीण नाराजगी जता रहे हैं।मृतकों के नाम कमलेश (25) पुत्र भगवत सिंह गुर्जर और लखन (45) पुत्र हल्के वीर गुर्जर बताए गए हैं। दोनों शुक्रवार सुबह अपने गांव से निकले थे और शाम को 7



बजे पिपरिया से गांव वापस लौट रहे थे। टक्कर इतनी तेज थी कि एक मृतक बाइक के ऊपर पड़ा मिला, जबकि दूसरा थोड़ी दूर गिरा था। पुलिस ने बताया कि आज शनिवार को शवों का पोस्टमार्टम किया जाएगा।

### अधिवक्ता संघ चुनाव के परिणाम घोषित

**अनूपपुर। दोपहर मेट्रो**

जिला अधिवक्ता संघ के चुनावों की मतगणना पूर्ण होने के बाद निर्वाचन अधिकारी नरेश सिंह बौरासी ने सभी पदों के परिणाम जारी कर दिए। इस बार चुनाव में कई पदों पर कड़ी टक्कर देखने को मिली, वहीं कुछ पदों पर प्रत्याशियों ने निर्णायक बढ़त बनाई। अध्यक्ष पद पर संतोष सिंह परिहार ने 114 वोट पाकर बढ़त बनाई। उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी विनोद कुमार सोनी को 111 तथा जगदीश प्रसाद पाण्डेय को 93 मत मिले। उपाध्यक्ष पद पर अशोक कुमार पटेल ने 167 मतों के साथ जीत दर्ज की, जबकि दुर्गेश कुमार सोनी को 143 वोट मिले। सचिव पद पर रामकुमार राठौर ने 183 मतों के साथ शानदार जीत हासिल की, जबकि उनके मुकाबले में निरकारी साहू को 128 वोट मिले। सह-सचिव पद पर छोटेलाल प्रजापति ने 167 मत प्राप्त कर विजय दर्ज की, उनके प्रतिद्वंद्वी संजय दुबे को 144 मत मिले। कोषाध्यक्ष पद पर दयाशंकर शुक्ला ने 182 मतों के साथ जीत अपने नाम की, वहीं पूजा प्रजापति को 126 वोट प्राप्त हुए। पुस्तकालय अध्यक्ष पद पर राजकुमार राठौर ने 174 मतों से जीत हासिल की, जबकि शिवचरण यादव को 141 मत मिले। चुनाव परिणामों के बाद अधिवक्ता संघ में नए पदाधिकारियों के चयन को लेकर उत्साह का माहौल रहा। सभी विजेताओं को अधिवक्ता समुदाय ने शुभकामनाएँ दीं।

### समारोह में सांसद नारोलिया ने ली परेड की सलामी



**नर्मदापुरम। दोपहर मेट्रो**

जिले में होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा स्थापना दिवस पर आज जिला स्तरीय समारोह होमगार्ड लाइन में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में राज्य सभा सांसद माया नारोलिया शामिल हुईं। उन्होंने परेड की सलामी ली और निरीक्षण किया, फिर प्लाटून मार्च पास्ट हुआ।पूर्व डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट महेश हनोतिया ने डायरेक्टर जनरल का संदेश पढ़ा। मुख्य अतिथि माया नारोलिया ने अपने उद्बोधन में कार्यक्रम की महत्ता समझाई। इसके बाद मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।साथ ही, होमगार्ड लाइन में आपदा उपकारणों की प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव, प्लाटून कमांडेंट अमृता दीक्षित समेत अन्य लोग भी मौजूद थे।

**मेट्रो एंकर**

### *संकल्प महाविद्यालय एवं एचडीएफसी बैंक ने संयुक्त रक्तदान शिविर का किया आयोजन

## रक्तदान से आप किसी का जीवन सुरक्षित कर सकते हैं- डॉ. तिवारी

**अनूपपुर। दोपहर मेट्रो**

संकल्प महाविद्यालय द्वारा महाविद्यालय में एचडीएफसी बैंक के साथ सयुक्त रूप से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में मुख्य अतिथि डॉ. अलका तिवारी, शाखा प्रबंध मिथिलेश भारती उपस्थित रहीं।

शिविर में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं और स्टाफ़ सदस्यों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानवीय सेवा की मिसाल पेश की। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज प्रबंधन और डॉ निलेश द्विवेदी, लैब टेक्नीशियन भाईलाल पटेल एवं अन्य स्टॉफ की देखरेख में किया गया।



कार्यक्रम में डॉ. अल्का तिवारी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि रक्तदान एक जीवनरक्षक कदम है, जो किसी अनजान व्यक्ति को नई जिंदगी देने की क्षमता रखता है। उन्होंने सुरक्षित रक्तदान की प्रक्रिया और इसके महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इसके साथ ही कॉलेज प्रबंधक ने भी छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि युवा पीढ़ी समाज परिवर्तन की सबसे बड़ी शक्ति है। रक्तदान जैसे कार्यों में भाग लेकर विद्यार्थी न केवल दूसरों की मदद करते हैं, बल्कि अपने भीतर मानवता और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना भी विकसित करते हैं। प्रबंधक ने विद्यार्थियों को नियमित स्वास्थ्य जांच, सुरक्षित रक्तदान और समाज सेवा से जुड़ी गतिविधियों में सक्रिय रहने के सुझाव दिए। मेडिकल टीम ने सभी दाताओं की स्वास्थ्य जाँच कर सुरक्षित तरीके से रक्त संग्रहित किया। आयोजनकर्ताओं के अनुसार, रक्तदान शिविर का मुख्य उद्देश्य युवाओं में जागरूकता फैलाना और स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत समर्थन प्रदान करना था। विद्यार्थियों के साथ ही बैंक स्टॉफ द्वारा रक्तदान किया गया।इस शिविर के आयोजन के पीछे के उद्देश्य रक्त की कमी को पूरा करने, लोगों को रक्तदान के महत्व के बारे में जागरूक करने, और समाज में सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा देना था।शिविर को सफल बनाने में डॉ निलेश द्विवेदी जी, श्री भाईलाल पटेल जी एवं अन्य जिला चिकित्सालय के स्टॉफ के साथ महाविद्यालय स्टॉफ ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। साथ ही महाविद्यालय संचालक द्वारा सभी अतिथियों को महाविद्यालय परिवार द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। कॉलेज प्रबंधन ने डॉ. अल्का तिवारी एवं सभी प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया तथा भविष्य में भी ऐसे जनकल्याणकारी कार्यक्रमों को जारी रखने का संकल्प लिया।

## न्यूज विंडो

### मंडला में 18 जनवरी को हिंदू सम्मेलन का आयोजन, कार्यालय का उद्घाटन



**मंडला।** मंडला में सकल हिंदू समाज ने 18 जनवरी 2026 को प्रस्तावित हिंदू सम्मेलन के लिए तैयारियों के क्रम में कार्यालय का उद्घाटन किया गया। बस स्टैंड के पीछे स्थित कुंभ सभागार में यह शुभारंभ हुआ। उद्घाटन कार्यक्रम में संत स्वामी शारदात्मानंद (संचालक, रामकृष्ण आश्रम मंडला), स्वामी वेदत्वानंद और श्री नीलू महाराज मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इनके साथ ही संगठन के सभी पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य, नागरिक और मातृशक्ति मौजूद थीं।

### सिंहस्थ महापर्व में आवागमन की व्यवस्थाओं को लेकर बैठक में की चर्चा

**उज्जैन।** मेला अधिकारी आशीष सिंह और कलेक्टर रौशन कुमार सिंह द्वारा आगामी सिंहस्थ महापर्व 2028 के मद्देनजर यातायात और आवागमन व्यवस्थाओं के संबंध में बैठक ली गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा, नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा एवं यातायात पुलिस के अधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक में शहर में प्रवेश के मुख्य मार्गों के बारे में जानकारी दी गई कि प्रवेश के लिए मुख्य मार्ग इंदौर मार्ग, देवास मार्ग, मक्सी मार्ग, आगर मार्ग, उन्हेल-नागदा मार्ग, बड़नगर मार्ग और चिंतामण जवासिया मार्ग है। सिंहस्थ 2028 के दौरान शाही स्नान/पर्व स्नान के दौरान यातायात मार्ग की प्रस्तावित व्यवस्था के बारे में



जानकारी दी गई। इसमें इंदौर मार्ग, देवास मार्ग, मक्सी मार्ग, आगर मालवा मार्ग, बड़नगर मार्ग, चिंतामण मार्ग में सार्वजनिक वाहन तथा निजी वाहनों के प्रवेश, पार्किंग व्यवस्था और वापसी की व्यवस्था के बारे में चर्चा की गई। मेला अधिकारी श्री सिंह ने निर्देश दिए कि वाहनों की पार्किंग के लिए मेन पॉवर की अधिक आवश्यकता होगी तथा शहर में प्रवेश में मुख्य मार्गों पर शहर से कुछ दूरी पर पार्किंग स्थल बनाए जाएंगे। जहां पर निजी वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था की जाएगी। वहां से फिर यात्रियों को लाने, ले जाने के लिए सार्वजनिक बसों का संचालन किया जाएगा। शाही स्नान/ पर्व स्नान पर यातायात की व्यवस्था अलग होगी। सिंहस्थ के सामान्य दिनों में अलग से व्यवस्था करना होगी। इसके लिए विस्तार पूर्वक कार्ययोजना बनाई जाने की आवश्यकता है। सार्वजनिक बसों का संचालन सिंहस्थ मेला लगने के प्रथम दिन से किया जाएगा। दिव्यांग जन और वृद्ध लोगों के लिए अलग से स्नान की व्यवस्था की जाएंगी। मेला अधिकारी श्री सिंह ने इसके लिए कार्य योजना बनाए जाने के निर्देश दिए।

### मुरारी बापू नरसिंहपुर स्थित ओशो की कर्मभूमि पहुंचे, 11 को जबलपुर में रहेंगे



**नरसिंहपुर।** देश के सुप्रसिद्ध रामकथा वाचक मुरारी बापू नरसिंहपुर जिले के गाडरवारा स्थित ओशो आश्रम शिवांगन पहुंचे। इस मौके पर पारंपरिक स्वागत किया गया। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य आचार्य रजनीश ओशो की कर्मभूमि का दर्शन करना था। बापू ने सबसे पहले ओशो आश्रम का दौरा किया और उनके ध्यान स्थल का अवलोकन किया। इसके बाद शक्कर नदी के किनारे भ्रमण किया, जहां ओशो अपने बचपन में खेला करते थे। उन्होंने ओशो के क्रीड़ा स्थल और उनकी अध्ययन से जुड़ी लाइब्रेरी भी देखी, जहां आज भी ओशो द्वारा हस्ताक्षरित कई किताबें सुरक्षित हैं।मुरारी बापू ने घोषणा की कि ओशो के जन्मदिवस 11 दिसंबर को जबलपुर में उन्हें समर्पित रामकथा का आयोजन किया जाएगा। सभी स्थलों का भ्रमण और आध्यात्मिक अनुभव प्राप्त करने के बाद, मुरारी बापू हेलीकॉप्टर से जबलपुर के लिए रवाना हो गए।

### पांढुर्णा में अंधे मोड़ के पास केले से भरा ट्रक बेकाबू होकर पलटा



**पांढुर्णा।** पांढुर्णा के पिपला और मेहराखापा के बीच स्थित अंधे मोड़ की पुलिया पर केले से भरा एक ट्रक पलट गया। यह घटना शनिवार सुबह करीब 7 बजे हुई। ट्रक ड्राइवर अनिल कुमार ने बताया कि ट्रक को पलटते देख उन्होंने कूदकर अपनी जान बचाई। इस दौरान उन्हें हल्की चोटें आईं। हादसे के बाद ट्रक में लदे केले सड़क पर बिखर गए। सूचना मिलने पर पिपला पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और राहत कार्य शुरू किया। चौकी प्रभारी लेखराम पहाड़े ने पुष्टि की कि इस दुर्घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है। जानकारी के अनुसार, ट्रक पांढुर्णा से छिंदवाड़ा की ओर जा रहा था। अंधे मोड़ की पुलिया के पास अचानक ट्रक का संतुलन बिगड़ा और बेकाबू होकर पलट गया।

### वन विभाग की कार्रवाई : संदिग्ध वाहन को देखकर की पूछताछ तो खुला मामला

# सागर के जंगल में काले हिरण का शिकार भोपाल के 1 डॉक्टर सहित 3 आरोपी पकड़े

**आरोपियों के दो वाहनों से प्वाइंट 22 की गन 15 जिंदा कारतूस व 10 किलो मांस जब्त**

**सागर। दोपहर मेट्रो**



सागर के जंगल में काले हिरण का शिकार करने का मामला सामने आया है. वन विभाग की टीम ने आरोपी भोपाल के डॉक्टर सहित तीन लोगों को पकड़ा है। दो पकड़े गए आरोपियों के बोलेरो जीप की तलाशी में 6 किलोग्राम वन्यप्राणी (काला हिरण) का मांस एवं एक नग सागौन की इमारती लकड़ी बरामद की गई। वहीं हुंडई आई-20 से 4 किलोग्राम मांस, खाल, एक नग सागौन की इमारती लकड़ी, 22 बोर की बंदूक तथा 15 जिंदा कारतूस बरामद किए गए।

मिली जानकारी के मुताबिक वन संरक्षक वन वृत्त सागर रिपुदमन सिंह भदौरिया के निर्देशन तथा वनमंडलाधिकारी दक्षिण सागर वरूण यादव के मार्गदर्शन में परिक्षेत्र राहतगढ़ की रात्रि गश्ती टीम ने 5 दिसंबर को तड़के 3 बजे बड़ी कार्रवाई की। बीट बेरखेड़ी के कक्ष क्रमांक पी.एफ. 622 में संदिग्ध अवस्था में खड़ी बोलेरो एवं हुंडई आई-20 को रोककर पूछताछ की गई। पूछताछ में वाहनों में मौजूद व्यक्तियों की पहचान डॉ वसीम खान निवासी मंडीबामोरा (सीहोर/भोपाल), ओमकार आदिवासी निवासी टेहराटहरी और राजू आदिवासी निवासी सेमरामेढ़ा के रूप में हुई। वाहनों की तलाशी में बोलेरो से लगभग 6 किलोग्राम वन्यप्राणी (काला हिरण) का मांस एवं एक नग सागौन की इमारती लकड़ी बरामद की गई।

#### प्रकरण दर्ज कर जांच की शुरू

वन विभाग की टीम ने हुंडई आई-20 से 4 किलोग्राम मांस, खाल, एक नग सागौन की इमारती लकड़ी, 22 बोर की बंदूक तथा 15 जिंदा कारतूस बरामद किए गए। आरोपियों ने पूछताछ में स्वीकार किया कि उन्होंने 22 बोर की बंदूक से काला हिरण का शिकार किया एवं मांस अपने उपयोग के लिए ले जा रहे थे। वन विभाग ने नियमानुसार वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 तथा वनोपज व्यापार विनियमन अधिनियम 1969 की सुसंगत धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की। तीनों आरोपियों को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। इस कार्रवाई में प्र भावसे के ट्रेनी जयप्रकाश, उपवनमंडल अधिकारी दक्षिण सागर विनीता जाटव, वनपरिक्षेत्र अधिकारी राहतगढ़ मनीष सिंह गौड एवं पूरे क्षेत्रीय स्टाफ का योगदान रहा।

### श्री गुलाब बाबा मंदिर के 18वें वार्षिक उत्सव का समापन

## विशाल महाप्रसादी वितरण में उमड़े हजारों श्रद्धालु

**सागर। दोपहर मेट्रो**

संतश्री गुलाब बाबा की मंशा अनुरूप श्री गुलाब बाबा मंदिर सागर के 18वें वार्षिक उत्सव के अंतिम दिन विशाल महाप्रसादी (भंडारे) का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों भक्तों ने परिसर स्थित श्री गुलाब अन्नपूर्णा भवन में बैठकर प्रसादी ग्रहण की. भंडारा सुबह 11:32 से शुरू होकर रात्रि 9:32 तक चला। इस भंडारा प्रसादी में मराठी पद्धति से लकड़ी से जलते हुये चूल्हों पर बड़े-बड़े तवा पर बनी रोटी, चावल, दालभाजी, सब्जी के साथ मीठा परोसा गया। यह पारम्परिक प्रसादी बनाने के लिए इस वर्ष मालेगांव महाराष्ट्र के करीब 50 पुरूष एवं महिला सेवकों के साथ स्थानीय भक्तों का सहयोग रहा। पूर्ण सात्विक, सुरुचिपूर्ण एवं व्यवस्थित भंडारा परोसने के नंदुरवार (गुजरात) के साथ सागर, बटियागढ़, नरसिंहगढ़, जबेरा के भक्तों के साथ मातृशक्ति ने भी सेवा कार्य किये। भक्तों एवं आने वाले श्रृद्धालुओं की चरण पादुका (जूता-चप्पल स्टेण्ड) सेवा मंदिर के भक्तों ने की। भंडारा व्यवस्था सेवा में योगिनी वाखले, सविता सोनी, रमा पारासर, अमिता पलया, क्षिप्रा सराफ, निर्मला मराठा, सीमा तिवारी, स्वाति सोनी, सरिका सोनी के साथ सागर दमोह जिले के महिला भक्तों की सेवा रही।

#### लोकरंग उत्सव में थिरके भक्त

दोपहर 12 बजे से रात्रि 8 बजे तक बुंदेली लोक गायन बुंदेली लोकरंग उत्सव के तहत संपूर्ण बुंदेलखण्ड की 40 भजन मंडलों ने श्री गुलाब मंच पर अपनी-अपनी प्रस्तुतियां दी। श्री गोपालजी मंदिर लक्ष्मीपुरा सागर के हरिकृष्ण यादव बंधुओं द्वारा राधे-राधे संकीतन का आयोजन किया गया। विजय ठाकुर (पडरिया) ने अपने परिचित बुंदेली अंदाज में धार्मिक गीतों की धुनों पर भक्तों को खूब थिरकाया। रात्रि 12 बजे श्री गुलाब पीठ पर विराजमान श्री गुलाब बाबा चरण पादुका पालिकी रथ को भक्त नाचते-गाते धीरे-धीरे मंदिर लेकर आये जहां चरण पादुका पालिकी को श्री गुलाब बाबा मंदिर के गर्भगृह में रखकर ट्रस्ट की ज्योति जिमी अल्मेड़ा, जयंत परासरे, किरण पारसरे, नितिन मोडक गुरूजी (नासिक) ने आरती कर वार्षिक उत्सव का समापन किया।




### पेंच से लापता बाघिन को खोजा अब राजस्थान भेजने की तैयारी



**सिवनी। दोपहर मेट्रो**

जिले स्थित पेंच टाइगर रिजर्व में लापता बाघिन को सात दिन बाद हाथियों की मदद से तलाश लिया गया है। उल्लेखनीय है कि सात दिनों से चल रही तलाश के बाद बाघिन पीएन-224 को शुक्रवार को सफलतापूर्वक पकड़ लिया गया। इस बाघिन को जल्द ही राजस्थान के रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व में स्थानांतरित किया जाएगा। यह देश का पहला ऐसा अभियान है, जिसमें किसी बाघ को एक राज्य से दूसरे राज्य में स्थानांतरित किया जा रहा है। पिछले एक हफ्ते से टीम लगातार बाघिन की लोकेशन तलाश रही थी। सोमवार सुबह उसे देखा भी गया था और हाथियों की मदद से उसे घेरने की कोशिश हुई, लेकिन वह बच निकलने में सफल रही। मंगलवार को फिर से सुबह से गहन तलाशी अभियान शुरू किया गया और इसी दौरान टीम ने उसे ट्रैक कर लिया।

## तामिया और पातालकोट में तीन बड़ी फिल्मों की शूटिंग का शेड्यूल तैयार



**8 दिसंबर से शुरू होगी शूटिंग**

**छिंदवाड़ा। दोपहर मेट्रो**

जिले के तामिया और पातालकोट की वादियां अब फिल्ममेकर्स की पहली पसंद बन गई हैं। यहां साउथ इंडस्ट्री की तीन बड़ी फिल्मों का मेगा शेड्यूल 8 दिसंबर से शुरू होने जा रहा है। करीब 40 से 50 दिनों तक चलने वाली इस शूटिंग के लिए दिग्गज निर्माता-निर्देशक तामिया पहुंच चुके हैं। जल्द ही बड़े फिल्मी सितारे भी यहां नजर आएंगे। लाइन प्रोड्यूसर उमर गुल खान ने बताया कि 8 दिसंबर से इन तीन फिल्मों का काम शुरू होगा...भैरवी (हिंदी फिल्म)टारगेट (तेलुगू फिल्म)आडू बुलेट रा (तेलुगू फिल्म) बताया जा रहा है कि इसी महीने 3 और फिल्मों की यूनिट के तामिया आने की संभावना है।इन फिल्मों की शूटिंग के लिए बड़े कलाकारों का जमावड़ा लगेगा। बाहुबली फेम (हिंदी डबिंग आर्टिस्ट) और अभिनेता शरद केलकर, बालिका वधू फेम अविका गौर, मुरली शर्मा और राहुल देव जल्द ही तामिया पहुंचेंगे।

**मेट्रो एंकर** सीएम यादव के बगल में बैठे पूर्व मंत्री भार्गव

# समीक्षा बैठक की तस्वीर जारी होने के बाद सियासी सरगर्मी बढ़ी

**सागर। दोपहर मेट्रो**



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में गत दिवस भोपाल में हुई कृषि विभाग की समीक्षा बैठक में सागर के रहली विधायक व पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव बेठे दिखे। भार्गव ने बैठक की फोटो अपने सोशल मीडिया एकाउंट पर पोस्ट की है। वे मुख्यमंत्री के बगल में बेठे थे। तस्वीर जारी होने के बाद सियासी सरगर्मी बढ़ गई हैं। इत्तफाक से गोपाल भार्गव मप्र शासन में कृषि मंत्री रह चुके हैं। बताया जा रहा है कि सीएम यादव भार्गव को बैठक में ले गए थे।

मंत्री परिषद की कृषि, उद्यानिकी एवं कृषि से संबंधित विभागों की समीक्षा बैठक विधानसभा के समिति कक्ष में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में अनौपचारिक रूप से मध्यप्रदेश शासन के पूर्व मंत्री एवं रहली विधानसभा से वरिष्ठ विधायक गोपाल भार्गव जी भी उपस्थित रहे. भार्गव ने मक्का के समर्थन मूल्य, सोयाबीन खरीदी, उर्वरक की उपलब्धता, भावांतर भुगतान सहित अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर मुख्यमंत्री मोहन यादव से विस्तृत चर्चा की। विधायक व पूर्व मंत्री को बैठक में बैठा देख कर भाजपा में सियासत सरगर्मी तेज हो गई। दरअसल पूर्व मंत्री भार्गव विधानसभा क्षेत्र के कार्यों को लेकर विधानसभा में ही मुख्यमंत्री से उनके कक्ष में मिलने पहुंचे थे। बताया जा रहा है कि मुख्यमंत्री ने आते ही भार्गव ने उनसे बात की। इसी बीच समीक्षा बैठक का समय हो गया। भार्गव ने कहा कि बाद में मिल लेंगे लेकिन मुख्यमंत्री ने कहा आप साथ चलें और वे भार्गव को साथ ले गए। राजनीतिक हलको में मंत्रीमंडल में बदलाव, विस्तार की चर्चाओं के बीच विधायक भार्गव को विभागीय समीक्षा में ले जाने के मायने निकाले जाने लगे हैं।

### अपराधी अमान खुलेआम बेच रहा कोरेक्स

**शहडोल।** मप्र में नशीली कफ सिरप से मरने वाले बच्चों की लाश ने इतना शोर मचाया की सरकार के कान खड़े हो गए और तमिलनाडु से लेकर यूपी की कम्पनियों में इस नशीले सिरप को बैन किया गया किन्तु स्थानीय स्तर पर नशे के सौदागर अभी भी इसे युवाओं में नशा पैदा कर रहे हैं। बुढ़ार में नशे के कारोबार पर पुलिस की कथित सख्ती सिर्फ कागज़ों में ही नजर आ रही है। ज़मीनी हकीकत यह है कि आदतन अपराधी अमान फिर से खुलेआम कोरेक्स बेचते हुए सक्रिय है। इस पर पहले भी कई बार आरोप लगे, शिकायतें हुईं, चर्चाएं उठीं, पर कार्रवाई आज तक अधूरी ही रही और यही वजह है कि अमान अब और भी बेखौफ होकर सप्लाई नेटवर्क बढ़ा रहा है।


**जन सूचना**

**केंद्रीय विद्यालय संगठन और नवोदय विद्यालय समिति में विभिन्न शैक्षणिक और अशैक्षणिक पदों पर भर्ती**

केंद्रीय विद्यालय संगठन (के.वि.स.) तथा नवोदय विद्यालय समिति (न.वि.स.) में विभिन्न शैक्षणिक तथा अशैक्षणिक पदों की सीधी भर्ती के लिए भर्ती अधिसूचना 01/2025 के सन्दर्भ में आवेदकों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि के.वि.स. तथा न.वि.स. ने सहायक आयुक्त, प्रधानाचार्य, स्नातकोत्तर शिक्षक (अंग्रेजी, हिंदी, कॉमर्स), स्नातक शिक्षक (अंग्रेजी, हिंदी, गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान) तथा कनिष्ठ सचिवालय सहायक के पदों के लिए शैक्षणिक योग्यताओं तथा अनुभव को अब एक समान कर दिया है ताकि आवेदक दोनों संगठनों में एक साथ इन पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत कर सकें। जो आवेदक केवल या तो के.वि.स. या न.वि.स. में इन पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत कर पाए थे, उनको ऑनलाइन आवेदन पोर्टल पर के.वि.स. अथवा न.वि.स. (जैसा भी मामला हो) के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने का एक अवसर दिया जाएगा। विस्तृत जानकारी के लिए सी.बी.एस.ई., के.वि.स. और न.वि.स. की वेबसाईट पर उपलब्ध Corrigendum-2 देखें। ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि भी 11 दिसंबर 2025 तक बढ़ाई गई है। आवेदकों को अद्यतन जानकारी के लिए सी.बी.एस.ई., के.वि.स. और न.वि.स. की वेबसाईट देखने की सलाह दी जाती है।

निदेशक (सी.टी.ई.टी.), सीबीएसई

cbc21107/12/0010/2526

### आंकड़े हैं चौंकाने वाले

## रन लुटाने की मशीन बन चुके हैं प्रसिद्ध कृष्णा




**नई दिल्ली।** भारतीय टीम को साउथ अफ्रीका के खिलाफ रायपुर वनडे मैच में 4 विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। भारतीय टीम इस मुकाबले में 359 रनों का टारगेट भी डिफेंड नहीं कर पाई थी। साउथ अफ्रीका ने जीत के साथ ही तीन मैचों की ओडीआी सीरीड में 1-1 की बराबरी कर ली थी। सीरीज का आखिरी मुकाबला 6 दिसंबर को विशाखापत्तनम में खेला जाना है, जो निर्णायक साबित होगा।

साउथ अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज में भारतीय टीम की गेंदबाजी साधारण रही है। तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा ने तो बेहद निराश किया है। प्रसिद्ध ने रांची वनडे में 6.54 की इकोनॉमी रेट से 48 रन खर्च किए थे। जबकि रायपुर वनडे में कृष्णा ने 8.2 ओवरों में 85 रन लुटाए थे। अगर कृष्णा पूरे 10 ओवर करते तो, शायद वो शतकीय आंकड़ा भी छू लेते। रायपुर वनडे के दौरान भारतीय कप्तानी केएल राहुल भी उनकी खराब गेंदबाजी के चलते काफी खफा नजर आए थे।

प्रसिद्ध कृष्णा अब अपने खराब प्रदर्शन को लेकर लगातार सवालों के घेरे में हैं। देखा जाए तो इंटरनेशनल क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट में उनके आंकड़े चौंकाने वाले हैं, जहां उन्होंने काफी रन खर्च किए हैं। इसी वजह से उन्हें फैन्स %रन लुटाने की मशीन' तक कहने लगे हैं। हालिया मैचों में उम्मीद के मुताबिक प्रभाव नहीं छोड़ पाने के बाद उनके करियर के बुनियादी आंकड़े चर्चा का विषय बने हुए हैं।

प्रसिद्ध कृष्णा ने घरेलू क्रिकेट में बेहतर प्रदर्शन के दम पर भारतीय टीम में जगह बनाई, लेकिन हालिया समय में उनकी इकोनॉमी रेट लगातार खराब हुई है। कृष्णा ने टेस्ट मैचों में 34.36 के एवरेज 22 विकेट झटके हैं। लेकिन उनकी इकोनॉमी रेट इस फॉर्मेट में 4.72 की है, जो टेस्ट क्रिकेट में किसी भी गेंदबाज के लिए खराब मानी जाती है। ? दाएं हाथ के तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा के नाम पर 20 ओडीआई मैचों में 28.09 की औसत से 33 विकेट दर्ज हैं। उनकी ओडीआई क्रिकेट में इकोनॉमी रेट 5.98 यानी लगभग 6 के करीब है। मिडिल और डेथ ओवरों में रन रोकने में उनकी नाकामी भारतीय टीम पर दबाव बढ़ा रही है।

### प्रसिद्ध कृष्णा का पिछले 5 मैचों में प्रदर्शन

8.2 ओवर- 85 रन, ईआर 10.20, 2 विकेट
7.2 ओवर- 48 रन, ईआर 6.54, 1 विकेट
7 ओवर- 52 रन, ईआर 7.42, 1 विकेट
5 ओवर- 45 रन, ईआर 9.00, 1 विकेट
6 ओवर- 56 रन, ईआर 9.33, 2 विकेट

टी20 इंटरनेशनल में प्रसिद्ध कृष्णा ने 5 मैच खेलकर 27.50 के एवरेज से 8 विकेट अपने नाम किए हैं। क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट में भारतीय टीम के लिए कृष्णा की इकोनॉमी रेट 11.00 की रही है, जो किसी भी गेंदबाज के लिए बेहद चिंताजनक मानी जाती है। कृष्णा ने नवंबर 2023 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गुवाहाटी टी20 मैच में 68 रन खर्च किए थे, जो किसी भारतीय गेंदबाज की इस फॉर्मेट में सबसे महंगी गेंदबाजी रही।

भारत के पास पेस बॉलिंग यूनिट में जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, मोहम्मद शमी, अंशुल कम्बोज, आकाश दीप जैसे विकल्प मौजूद हैं। ऐसे में 29 वर्षीय प्रसिद्ध कृष्णा को जल्द से अपना प्रदर्शन सुधारना होगा, नहीं तो वो टीम इंडिया से आउट हो सकते हैं।

### वनडे सीरीज का फैसला आज, दबाव में टीम इंडिया

# भारत की नजर रोहित-कोहली पर, यशस्वी समेत युवाओं का भी होगा बड़ा इम्तिहान

**विशाखापत्तनम , एजेंसी**

विशाखापत्तनम में शनिवार को होने वाले तीसरे और निर्णायक वनडे मुकाबले में भारत की नजर सिर्फ एक चीज पर होगी सीरीज जीतना और लगातार आलोचनाओं पर विराम लगाना। भारत को उम्मीद है कि कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली एक बार फिर बड़े मैच वाला प्रदर्शन करेंगे और टीम को जीत की राह दिखाएंगे। सीरीज इस समय 1-1 की बराबरी पर है और दक्षिण अफ्रीका पहले ही टेस्ट सीरीज जीत चुकी है, ऐसे में भारतीय टीम पर दबाव और अधिक बढ़ गया है। मैच दोपहर डेढ़ बजे शुरू होगा, जबकि टॉस उससे आधे घंटे पहले यानी दोपहर एक बजे होगा




### रोहित-कोहली अनुभव का सबसे बड़ा सहारा

भारतीय टीम इस समय दो अनुभवी दिग्गजों, विराट कोहली और रोहित शर्मा के दम पर आगे बढ़ रही है। दोनों खिलाड़ियों ने हाल के मैचों में धमाकेदार प्रदर्शन किया है। कोहली ने अपनी पिछली तीन पारियों में दो शतक और एक अर्धशतक लगाया है। वहीं, रोहित शर्मा ने भी चार पारियों में एक शतक और दो अर्धशतक बनाए हैं। इन दोनों खिलाड़ियों से एक बार फिर मैच जिताऊ प्रदर्शन की उम्मीद होगी क्योंकि ऐसे निर्णायक मुकाबलों में उनका अनुभव भारत की सबसे बड़ी ताकत है।

### युवा बल्लेबाजों पर दबाव, जायसवाल पर बड़ी नजर

ऋतुराज गायकवाड़ ने पिछल मैच में शानदार शतक लगाया था, जिससे टीम को मजबूती मिली, लेकिन युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल अभी भी लय नहीं पकड़ पाए हैं। जायसवाल की सबसे बड़ी चुनौती लेफ्ट-आर्म फास्ट बॉलर्स के खिलाफ कमजोरी है। वह अब तक अपने इंटरनेशनल करियर में 30 बार लेफ्ट-आर्म गेंदबाजों का शिकार हुए हैं। वेस्टइंडीज के जेडन सील्स से शुरू हुई यह समस्या अब दक्षिण अफ्रीका के मार्को यानसन और नांद्रे बर्गर के सामने और बढ़ गई है। यदि इस मैच में भी प्रदर्शन बेहतर नहीं हुआ, तो भारतीय टीम प्रबंधन को गायकवाड़ को ओपनिंग के लिए भेजने पर विचार करना पड़ सकता है।

### पिच रिपोर्ट और रिकॉर्ड भारत के पक्ष में

विशाखापत्तनम का मैदान बल्लेबाजों के लिए अनुकूल माना जाता है। यहां भारत ने अब तक खेले गए 10 वनडे मैचों में से सात जीते हैं। हालांकि, पिछली बार यहां भारत को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हार झेलनी पड़ी थी। ओस यहां महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है और टॉस जीतना मैच का बड़ा फैक्टर बन सकता है। मज़ेदार बात यह है कि भारत पिछले 20 वनडे मैचों से टॉस नहीं जीत पाया है, जिसका असर रायपुर में खेले गए दूसरे मैच में साफ दिखा।

### टीम संयोजन में बदलाव की संभावना

भारत अपनी प्लेइंग इलेवन में बदलाव कर सकता है। वॉशिंगटन सुंदर को आराम देकर उनकी जगह तिलक वर्मा को मौका मिल सकता है। तिलक मध्यक्रम को मजबूती देने के साथ-साथ स्पिन गेंदबाजी और शानदार फील्डिंग का विकल्प भी देते हैं। ऋषभ पंत भी एक विकल्प हैं, लेकिन टीम बैलेंस देखते हुए तिलक का पलड़ा भारी माना जा रहा है।

### गेंदबाजों से बड़े प्रदर्शन की उम्मीद

अर्शदीप सिंह ने नए बॉल के साथ प्रभावशाली गेंदबाजी की है। अब उम्मीद है कि प्रसिद्ध कृष्णा और हर्षित राणा भी लय में लौटेंगे और टीम को जरूरी ब्रेकथ्रू दिलाएंगे। हालांकि, प्रसिद्ध कृष्णा पिछले मैच में फॉर्म में नहीं दिखे थे। ऐसे में टीम नीतीश के रूप में ऑलराउंडर खिला सकती है। हालांकि, गंभीर ज्यादा बदलाव के पक्ष में नहीं होंगे और प्रसिद्ध पर एक बार फिर भरोसा जताया जा सकता है।

### संभावित प्लेइंग-11

दक्षिण अफ्रीका: एडेन मार्करम, क्विंटन डिकॉक (विकेटकीपर), तेम्बा बावुमा (कप्तान), मैथ्यू ब्रीट्जके, रेयान रिकेलटन, डेवाल्ड ब्रेविस, मार्को यानसेन, कॉर्बिन बॉश, केशव महाराज, लुंगी एनगिडी, ओटनील बार्टमैन।

भारत :यशस्वी जयसवाल, रोहित शर्मा, विराट कोहली, ऋतुराज गायकवाड़, केएल राहुल (कप्तान और विकेटकीपर), वॉशिंगटन सुंदर, रवींद्र जडेजा, हर्षित राणा, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, प्रसिद्ध कृष्णा।

### एमआई कोच महेला जयवर्धने की घोषणा,

## नीलामी में हमारा फोकस होगा अनकैप्ड घरेलू खिलाड़ियों पर

**नई दिल्ली ।** आईपीएल 2026 के लिए 16 दिसंबर को मिनी ऑक्शन का आयोजन किया जाएगा। मुंबई इंडियंस नीलामी में अपनी स्लॉट में खाली खिलाड़ियों की जगह भरने और टीम को संतुलित करने के लिए उत्साहित है। टीम के मुख्य कोच महेला जयवर्धने ने कहा है कि नीलामी में हम अनकैप्ड घरेलू खिलाड़ियों पर भी भरोसा जता सकते हैं।



महेला जयवर्धने ने जियोहॉटस्टार पर बात करते हुए कहा, ÷मुंबई इंडियंस रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, जसप्रीत बुमराह, हार्दिक पांड्या और तिलक वर्मा जैसे प्रभावशाली खिलाड़ियों के कोर ग्रुप पर भरोसा करती रहेगी। पिछले सीजन में ट्रेंट बोल्ट की वापसी से टीम की गेंदबाजी मजबूत हुई है। मिचेल सेंटनर और विल जैक्स जैसे खिलाड़ियों ने भी फ्रेंचाइजी की ताकत को बढ़ाया है।

उन्होंने कहा कि हमारे युवा खिलाड़ियों ने पिछले सीजन से काफी सुधार किया है और हमें उम्मीद है कि उन्हें इस साल अपनी स्किल्स दिखाने के मौके मिलेंगे। नीलामी में हमारी नजर घरेलू खिलाड़ियों पर रहेगी।

नीलामी से पहले मुंबई इंडियंस ने सात खिलाड़ियों कर्ण शर्मा, बेवॉन जैकब्स, मुजीब उर रहमान, विग्नेश पुथुर, केएल श्रीजीत, पीएसएन राजू, रीस टॉपली और लिजार्ड विलियम्स को रिलीज किया, जबकि अर्जुन तेंदुलकर को ट्रेड किया। मुंबई इंडियंस ने पिछले सीजन खराब शुरुआत के बाद जोरदार वापसी की थी और चौथे नंबर की टीम रहते हुए सीजन का समापन किया था। आईपीएल 2024 में टीम का प्रदर्शन बेहद खराब रहा था। टीम 14 में से 4 मैच जीतकर आखिरी स्थान पर रही थी।

### फीफा विश्व कप 2026 के ग्रुप घोषित

## स्पेन-पुर्तगाल समेत ये बड़ी टीमें ग्रुप ऑफ डेथ में, 19 जुलाई को होगा फाइनल मैच

**वॉशिंगटन।** फीफा विश्व कप 2026 के ग्रुप औपचारिक रूप से घोषित कर दिए गए हैं। यह घोषणा वॉशिंगटन डीसी में आयोजित भव्य ड्रॉ समारोह के दौरान हुई। इसी के साथ दुनिया के सबसे बड़े फुटबॉल टूर्नामेंट के कार्यक्रम से पर्दा उठ गया। इस बार विश्व कप का उद्घाटन मुकाबला 11 जून 2026 को मेक्सिको सिटी में खेला जाएगा, जिसमें मेजबान देश मेक्सिको और दक्षिण अफ्रीका आमने-सामने होंगे। यह पहला मौका होगा जब तीन देश अमेरिका, मेक्सिको और कनाडा, साझा रूप से विश्व कप का आयोजन कर रहे हैं। यह ड्रॉ पूरी तरह सितारों से सजा हुआ कार्यक्रम था। मंच पर खेल जगत और मनोरंजन जगत की कई जानी-मानी हस्तियों की मौजूदगी रही। कार्यक्रम के दौरान प्रसिद्ध कलाकारों और संगीतकारों की प्रस्तुतियों ने समारोह को दुनिया भर में खास बना दिया।



कार्यक्रम के दौरान 12 ग्रुपों की घोषणा की गई, जिसका संचालन इंग्लैंड और मैनचेस्टर यूनाइटेड के दिग्गज फुटबॉलर रियो फर्डिनेंड ने किया, जबकि उनके साथ बास्केटबॉल सुपरस्टार शकील ओ'नील, एनएफएल के महान खिलाड़ी टॉम ब्रैडी, आइस हॉकी के दिग्गज वेन ग्रेट्जकी और बेसबॉल स्टार एरॉन जज सहायक के रूप में मौजूद रहे। इसके अलावा कार्यक्रम में हास्य कलाकार केविन हार्ट, अभिनेत्री हाइडी क्लम और अभिनेता डैनी रामिरेज ने मेजबानी की। इस स्टार-स्टडेड शो को मशहूर गायक आंद्रेया बोचेली और कलाकारों रॉबी विलियम्स, निकोल शेरजिंगर, लॉरिन हिल और विलेज पीपल की प्रस्तुतियों ने और खास बना दिया।

### उत्साह बढ़ाने वाले मुकाबले

गत चैंपियन अर्जेंटीना को ग्रुप जे, स्पेन को ग्रुप एच, फ्रांस को आई, जर्मनी को ग्रुप ई, पुर्तगाल को ग्रुप के और इंग्लैंड को ग्रुप एल में रखा गया है। ग्रुप-एच, ग्रुप आई, ग्रुप-जे, ग्रुप-के और ग्रुप-एल को ग्रुप ऑफ डेथ माना जा रहा है। स्पेन के साथ ग्रुप में उरुग्वे और सउदी अरब जैसी टीम है, जिसने पिछले विश्व कप में कुछ उलटफेर किए थे। वहीं, फ्रांस के ग्रुप में सेनेगल और नॉर्वे जैसी टीमें हैं। पुर्तगाल को उज्बेकिस्तान और कोलंबिया जैसी टीमों के ग्रुप में रखा गया है।


**मनोरंजन** **बॉलीवुड का कोना**

### जया बच्चन के पैपराजी को लेकर दिए बयान पर बोली अमीषा पटेल

## मैं मीडिया से प्यार करती हूं

बॉलीवुड अभिनेत्री और सांसद जया बच्चन हमेशा अपने बयान को लेकर सुर्खियों में रहती हैं। सांसद को मीडिया और पैपराजी पर कई बार भड़कते हुए देखा गया है, लेकिन हाल ही में उनके पेप्स को लेकर दिए बयान की वजह से वे आलोचना का सामना कर रही हैं। अब जया बच्चन के बयान पर अमीषा पटेल ने रिएक्ट किया है और कहा कि वे मीडिया और पैपराजी से बहुत प्यार करती हैं।

जया बच्चन के पैपराजी को लेकर दिए बयान पर सवाल पूछने पर अमीषा ने कहा, ÷हर किसी की अपनी एक राय होती है, लेकिन मैं मीडियावालों से बहुत प्यार करती हूं। आप लोग बहुत मेहनत करते हैं, चाहे धूप हो, गर्मी हो, या बारिश हो, आप लोग बहुत अच्छे से काम करते हैं।÷ वहीं, अच्छी फिल्मों के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन पर बात करते हुए अमीषा पटेल ने कहा कि फिल्म अच्छी है तो दर्शक उसे देखने के लिए पहुंच ही जाते हैं, लेकिन हमारी फिल्म %गदर-2% को भी




गिराने का काम हुआ था, लेकिन हमारी फिल्म बहुत अच्छी थी, कहानी अच्छी थी, इसलिए %गदर-2% ने गदर मचा दिया। अपने अपकमिंग फिल्म प्रोजेक्ट्स पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि वे ओटीटी सीरीज की अच्छी फिल्मों का इंतजार कर रही हैं, लेकिन बड़े पर्दे पर आने वाले दो बड़े प्रोजेक्ट्स में दिखने वाली हैं।

### शो में जया बच्चन ने जाहिर किया था गुस्सा

बता दें कि एक महिला सशक्तीकरण पर आधारित शो में जया बच्चन ने पैपराजी को लेकर गुस्सा जाहिर किया था। उन्होंने कहा था कि वे सोशल मीडिया की सबसे ज्यादा नापसंद की जाने वाली अभिनेत्री हैं, लेकिन उन्हें इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता। उन्होंने कहा था कि ÷ये लोग कौन हैं? क्या एजुकेशन है इनकी? क्या ट्रेनिंग ली है इन लोगों ने ये लोग बाहर गंदी ड्रेनपाइप, गंदे पैंट पहनकर, हाथों में मोबाइल और चश्मा लगाकर घूमते हैं। इन्हें लगता है कि मोबाइल इनके पास है तो ये लोग कुछ भी कैप्चर कर लेंगे, और किस तरह के कमेंट्स वे करते हैं। बता दें कि नाराज पैपराजी ने अब जया बच्चन के बयान का विरोध करते हुए बच्चन परिवार का बायकॉट करने का फैसला लिया है। हालांकि, इससे पहले धर्मेंद्र के निधन की खबरों पर भी सनी देओल पैपराजी से भिड़ गए थे और उन्हें बेवकूफ तक कहा था।

## शोले के री-रिलीज से पहले सामने आया फिल्म का मजेदार ट्रेलर, ताजा हुईं यादें

**कल्ट क्लासिक फिल्म शोले पर्दे पर एक बार फिर रिलीज के लिए तैयार है और दर्शकों के बीच एक बार फिर शोले की पुरानी यादों को ताजा करने के लिए मेकर्स ने शोले-द फाइनल कट का ट्रेलर रिलीज कर दिया है। ट्रेलर में इस बार म्यूजिक की बीट को बिल्कुल ही बदल दिया गया है।**



कल्ट क्लासिक फिल्म शोलेः द फाइनल कट 12 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस बार फिल्म 4के रिस्टोर्ड वर्जन के साथ पर्दे पर दिखाई जाएगी। फिल्म के री-रिलीज से पहले ट्रेलर ने धमाका मचा दिया है। ट्रेलर की शुरुआत पुरानी ट्रेन की सीटी और डाकुओं से होती है, जो ट्रेन को लूट रहे हैं, लेकिन तभी एंट्री होती है धर्मेंद्र और अमिताभ बच्चन की, जो कोई भी काम बिना पैसों के नहीं करते हैं। ट्रेलर में ठाकुर जय और वीरू के स्वभाव के बारे में भी बताते हैं कि दोनों बदमाश हैं लेकिन दिल के बुरे नहीं हैं। शोलेः द फाइनल कट के ट्रेलर ने दर्शकों की पुरानी यादें ताजा कर दी हैं और वे फिल्म के सिनेमाघरों में री-रिलीज का इंतजार नहीं कर पा रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, क्या ही शानदार ट्रेलर है, ऐसा लग रहा है जैसे सिनेमाघरों में कोई नई फिल्म रिलीज हो रही हो। खासकर इलेक्ट्रिक गिटार के साथ मेन थीम म्यूज़कि का मिक्स वाकई कमाल लग रहा है। एक अन्य यूजर ने लिखा, धर्मेंद्र जी के जाने के बाद एक बार फिर जय-वीरू की जोड़ी को पर्दे पर देखने का इंतजार नहीं हो रहा है। बता दें कि भारत की सबसे प्रसिद्ध ब्लॉकबस्टर फिल्म %शोले% की 50वीं वर्षगांठ के मौके पर फिल्म को री-रिलीज किया जा रहा है।



**मेट्रो बाजार**

## ग्राहकों को ऊपर रखें, शिकायतों में कमी के लिए चलेगी मुहिम

### आरबीआई की बैंकों व एनबीएफसी को दो टूक-

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने मौद्रिक नीति समिति के फैसलों की घोषणा करते हुए बैंकिंग और वित्तीय क्षेत्र के लिए एक स्पष्ट संदेश जारी किया। गवर्नर ने बैंकों और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों से अपनी नीतियों और कामकाज में ग्राहकों को सर्वोपरि रखने की बात कही। केंद्रीय बैंक के गवर्नर ने उन्हें से ग्राहक सेवाओं में सुधार लाने और शिकायतों को भी कम करने को कहा। आरबीआई एमपीसी ने गवर्नर ने ब्याज दरों में भी बड़ी राहत दी है। एमपीसी ने सर्वसम्मति से रेपो रेट में 25 आधार अंकों की कटौती का फैसला किया, जिससे यह अब घटकर 5.25त्न पर आ गई है। केंद्रीय बैंक ने अपना रुख %तटस्थ% बनाए रखा है।

ग्राहकों की ओर बैंकों-एनबीएफसी में बढ़ती शिकायतों पर आरबीआई गवर्नर ने एक अहम घोषणा की। उन्होंने बताया कि आरबीआई लोकपाल के पास एक महीने से अधिक समय से लंबित सभी शिकायतों के समाधान के लिए अगले साल 1 जनवरी से दो महीने का विशेष अभियान चलाया जाएगा। गवर्नर मल्होत्रा ने कहा, हाल के दिनों में बड़ी संख्या में शिकायतें प्राप्त होने के कारण, आरबीआई लोकपाल के पास लंबित मामलों में इजाफा हुआ है। हम 1 जनवरी से दो महीने का अभियान चलाने का प्रस्ताव कर रहे हैं, इसका उद्देश्य उन सभी शिकायतों का समाधान करना है जो एक महीने से अधिक समय से लंबित हैं।

## दूसरी तिमाही में भारत में इंटरनेट यूजर 1.49 प्रतिशत बढ़कर 1017.81 मिलियन हुए : ट्राई

**नई दिल्ली ।** भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) के डेटा के मुताबिक, भारत में इंटरनेट सब्सक्राइबर की कुल संख्या अप्रैल-जून तिमाही (वित्तीय वर्ष 26 की पहली तिमाही) के आखिर में 1002.85 मिलियन से बढ़कर जुलाई-सितंबर अवधि (वित्तीय वर्ष 26 की दूसरी तिमाही) के आखिर में 1017.81 मिलियन हो गई, जो तिमाही आधार पर 1.49 प्रतिशत की बढ़ोतरी है। डेटा के अनुसार, 1,070.81 मिलियन इंटरनेट सब्सक्राइबर में से वायर्ड इंटरनेट सब्सक्राइबर की संख्या 44.42 मिलियन है, और वायरलेस इंटरनेट सब्सक्राइबर की संख्या 973.39 मिलियन है। इस बीच, ब्रॉडबैंड इंटरनेट सब्सक्राइबर बेस इस साल जून के आखिर में 979.71 मिलियन से 1.63 प्रतिशत बढ़कर सितंबर के आखिर में 995.63 मिलियन हो गया। नैरोबैंड इंटरनेट सब्सक्राइबर बेस जून तिमाही में 23.14 मिलियन से घटकर सितंबर तिमाही के आखिर में 22.18 मिलियन हो गया। इसी समय, वायरलाइन सब्सक्राइबर अप्रैल-जून तिमाही के आखिर में 47.49 मिलियन से घटकर सितंबर तिमाही के आखिर में 46.61 मिलियन हो गए, जिसमें तिमाही गिरावट की दर 1.84 प्रतिशत रही। साल-दर-साल के आधार पर जुलाई-सितंबर तिमाही के आखिर में वायरलाइन सब्सक्रिप्शन में 26.21 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। वायरलाइन टेली-डेंसिटी पहली तिमाही के आखिर में 3.36 प्रतिशत से घटकर दूसरी तिमाही के आखिर में 3.29 प्रतिशत हो गई, जिसमें तिमाही गिरावट की दर 2.06 प्रतिशत रही। इस बीच, वायरलेस सर्विस के लिए मासिक औसत रेवेन्यू प्रति यूजर (एआरपीयू) पहली तिमाही में 186.62 रुपए से 2.34 प्रतिशत बढ़कर इस वित्तीय वर्ष की दूसरी तिमाही में 190.99 रुपए हो गया।



## न्यूज विंडो

### कटनी : थाने से थोड़ी दूरी पर एटीएम उखाड़ ले गए चोर




**कटनी।** प्रदेश में कटनी के माधव नगर थाने से चंद कदम की दूरी पर बैंक ऑफ महाराष्ट्र के एटीएम को चोर उखाड़कर ले गए। इस घटना ने पुलिस के रात्रि गश्त व्यवस्था की पोल खोल दी है। इसके साथ ही थाने के इतने नजदीक वारदात हो जाने से भी सवाल खड़े हो रहे है। घटना रात दो बजे की बताई जा रही है।अब पुलिस एटीएम ले लोने वालों की तलाश में जुट गई है। इलाके में आस-पास के सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं। अभी यह साफ नहीं हो पाया है कि एटीएम के अंदर कितने रुपये थे। एटीएम की सुरक्षा के लिए भी कोई गार्ड तैनात नहीं था।

### आजम व अब्दुल्ला की सजा बढ़वाने सेशन कोर्ट पहुंचा अभियोजन

**रामपुर।** दो पैन कार्ड में सपा नेता आजम खां और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम खां की मुश्किलें और बढ़ सकती हैं। सात साल की सजा बढ़ाने की मांग को लेकर अभियोजन पक्ष की ओर से सेशन कोर्ट में अपील दायर की गई है। दूसरी ओर सजा के खिलाफ आजम के अधिवक्ताओं ने और राहत की मांग को लेकर कई तर्क दिए हैं। सेशन कोर्ट अब इन दोनों बिंदुओं पर 23 दिसंबर को अपना फैसला सुना सकती है।



दो पैन कार्ड में एमपी- एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट ने पिछले दिनों सपा नेता आजम खां और अब्दुल्ला आजम को सात-सात साल की सजा व 50-50 हजार रुपये का जुर्माना अदा करने की सजा सुनाई थी। इस मामले में मजिस्ट्रेट कोर्ट के फैसले के खिलाफ अब सेशन कोर्ट में शरण ली है।

उनके अधिवक्ताओं की ओर से सेशन कोर्ट में निचली अदालत के फैसले के खिलाफ अपील दायर की गई है। इसके साथ ही जमानत के लिए भी प्रार्थना पत्र दाखिल किया गया है, जिस पर सेशन कोर्ट में सुनवाई चल रही है।

### एआईएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष की मुश्किलें बढ़ीं, मामला दर्ज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली की मुश्किलें बढ़ गई हैं। उनके खिलाफ राजभर समाज के एक पदाधिकारी ने बहराइच देहात कोतवाली में एफआईआर दर्ज करा दी है। एआईएमआईएम नेता ने इस साल 15 सितम्बर को महाराजा सुहेलदेव के खिलाफ आपत्तिजनक बयान दिया था। यह बयान देने के तीन महीने बाद उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। एआईएमआईएम प्रदेश अध्यक्ष के बयान को लेकर सितम्बर में भी सियासत गरमा गई थी। तब एक एफआईआर भी दर्ज हुई थी। अब करीब तीन महीने बाद आजमगढ़ जिले के अहरौला थाने के निजामपुर के रहने वाले प्रमोद राजभर की ओर से एआईएमआईएम प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली को नामजद कर तहरीर दिए जाने पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज की गई है। 15 सितम्बर 2025 को एआईएमआईएम प्रदेश अध्यक्ष का विवादित बयान सामने आने के बाद प्रदेश के विभिन्न जिलों में उनके खिलाफ विरोध प्रदर्शन हुए थे। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने अलग-अलग जिलों में प्रदर्शन कर और ज्ञापन देकर इस मामले में ठोस कार्रवाई की मांग की थी। राजभर समाज के नेताओं का कहना है कि एआईएमआईएम प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली ने महाराजा सुहेलदेव के लिए सार्वजनिक रूप से आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया था।

## पुतिन की खातिरदारी: लोकल डिशेज के साथ पारंपरिक भोजन से मेहमान नवाज़ी

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत आए रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का दिल खोलकर स्वागत किया गया। उनके सम्मान में राष्ट्रपति भवन में डिनर का आयोजन किया गया, जिसमें तरह-तरह की डिसेज परोसी गईं। इन डिसेज में अलग-अलग इलाकों की लोकल डिसेज के साथ-साथ पारंपरिक भोजन भी शामिल था। पुतिन की खातिरदारी के दौरान उन्हें भव्य थाली परोसी गई। पुतिन के सम्मान में आयोजित डिनर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल और विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह भी शामिल हुए।

वेजिटेरियन मेन्यू की शुरुआत मुरुंगेलई चारू से हुई, जो सहजन के पत्ते और मूंग दाल का एक हल्का मसालेदार शोरबा था। इसके बाद तीन ऐपेटाइजर थे।



गुच्ची दून चेटिन (अखरोट की चटनी के साथ भरवां कश्मीरी मोरेल), पुदीने की चटनी और शीरमाल के साथ काले चने के शिकमपुरी कबाब और पेल्मेनी से प्रेरित वेजिटेबल झोल मोमोज।

### बैंगन और पीली दाल तड़का

मेहमानों को मेन कोर्स में केसर सॉस में जाफरानी पनीर रोल, पालक मेथी मटर का साग, तंदूरी भरवां आलू, अचारी बैंगन और पीली दाल तड़का परोसा गया। इसके साथ में ड्राई-फ्रूट केसर पुलाव और कई तरह की इंडियन रोटी जैसे लच्छा पराठा, मिस्सी रोटी और मगज नान भी सर्व किए गए।

### मीठे में कई तरह के व्यंजन

मिठाई में बादाम का हलवा और केसर-पिस्ता कुल्फी के साथ ताजे फल भी थे। टेबल पर सलाद, मुरक्कू और गुड़ संदेश जैसे पारंपरिक स्नैक्स, और गोंगुरा अचार और आम की चटनी जैसे व्यंजन भी थे। पीने के लिए अनार, संतरे, गाजर-अदरक और चुकंदर के कूलर जैसे विकल्प थे।

### नेशनल हेराल्ड केस: सोनिया-राहुल से जुड़े दस्तावेज की मांग

## ईओडब्ल्यू ने शिवकुमार को भेजा नोटिस, 19 तक पेश होने का आदेश

नई दिल्ली, एजेंसी

नेशनल हेराल्ड केस एक बार फिर बड़ा राजनीतिक मुद्दा बनता दिख रहा है। इसी कड़ी में दिल्ली पुलिस की इकोनॉमिक ऑफेंसेज विंग ने कर्नाटक के डिप्टी सीएम डी.के शिवकुमार को एक अहम नोटिस भेजा है। ईओडब्ल्यू के अनुसार संभव है कि शिवकुमार के पास सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ दर्ज एफआईआर से जुड़े महत्वपूर्ण दस्तावेज मौजूद हों, जो जांच की दिशा को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

ईओडब्ल्यू ने 29 नवंबर को जारी नोटिस में शिवकुमार को 19 दिसंबर तक पेश होने या फिर मांगी गई जानकारी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। मामले में पहले ही उनका बयान दर्ज कर चुकी है। अब दिल्ली पुलिस की यह कार्रवाही नेशनल हेराल्ड विवाद को फिर से केंद्र में ले आई है और सवाल यह उठ रहा है कि क्या शिवकुमार के पास वास्तव में ऐसे दस्तावेज हैं जो पूरी जांच को नई दिशा दे सकते हैं।

नोटिस में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि डी।के। शिवकुमार से फाइनेंशियल और ट्रांजैक्शनल डिटेल्स मांगी गई हैं। अधिकारियों का मानना है कि शिवकुमार के पास यंग इंडियन से जुड़े फंड ट्रांसफर का पूरा विवरण हो सकता है। जो नेशनल हेराल्ड केस की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी माना जाता है। इसी वजह से जांचकर्ता उनके कांग्रेस से जुड़ाव, निजी बैकग्राउंड और कथित डोनेशन के फंड-सोर्स का पूरा विवरण जानना चाहते हैं।



### नेशनल हेराल्ड विवाद

यह केस उस कथित अनियमित संपत्ति अधिग्रहण से जुड़ा है जिसमें कांग्रेस नेतृत्व पर Associated Journals Ltd (AJL) पर अनुचित तरीके से नियंत्रण हासिल करने का आरोप है। एफआईआर में दावा किया गया है कि इस प्रक्रिया में करीब 2,000 करोड़ रुपए मूल्य की संपत्ति से जुड़े लेनदेन गलत तरीके से किए गए। इसी एफआईआर के आधार पर दिल्ली पुलिस ईओडब्ल्यू ने हाल ही में सोनिया गांधी, राहुल गांधी और छह अन्य के खिलाफ नई एफआईआर दर्ज की है।

### डी.के. सुरेश को भी नोटिस, जांच का दायरा बढ़ा

दिल्ली पुलिस ने सिर्फ डी.के. शिवकुमार ही नहीं उनके भाई और सांसद डी.के. सुरेश को भी नोटिस भेजा है। दोनों से एक ही प्रकार की जानकारी मांगी गई है फंड का स्रोत, उद्देश्य और इस्तेमाल। दोनों की जवाबदेही इस केस के वित्तीय पहलुओं को समझने में मदद करेगी।

### जांच अभी किस मोड़ पर है

EOW और ED दोनों इस केस में समानांतर जांच कर रहे हैं। ED पहले ही शिवकुमार का बयान दर्ज कर चुकी है। अब दिल्ली पुलिस की यह नई कार्रवाही संकेत देती है कि जांच और गहराई की ओर बढ़ रही है। अधिकारियों के मुताबिक आगे की कार्रवाई इस बात पर निर्भर करेगी कि डी.के. शिवकुमार और डी।के। सुरेश 19 दिसंबर तक कौन-सी जानकारियां सौंपते हैं।

### कांग्रेस बोली यह राजनीतिक बदले की कार्रवाई

यह नोटिस ऐसे समय आया है जब कर्नाटक सरकार में शिवकुमार की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है और कांग्रेस राष्ट्रीय स्तर पर इस केस को राजनीतिक बदले की कार्रवाई बताती रही है। हालांकि ईओडब्लयू का कहना है कि नोटिस कानूनी प्रक्रिया का हिस्सा है और इसकी टाइमिंग का कोई राजनीतिक संबंध नहीं है।



## आंबेडकर की पुण्यतिथि पर पीएम मोदी की श्रद्धांजलि

नई दिल्ली, एजेंसी

संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की आज 69वीं पुण्यतिथि है। इस मौके पर पूरा देश उन्हें याद कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन और अन्य नेताओं ने संसद भवन परिसर में डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा पर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। डॉ. आंबेडकर को याद करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा 'महापरिनिर्वाण दिवस पर डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर को याद करते हुए। उनका दूरदर्शी नेतृत्व और न्याय, समानता और संविधान के प्रति अटूट प्रतिबद्धता हमारी राष्ट्रीय यात्रा को राह दिखाती रहेगी। उन्होंने पीढ़ियों को इंसानी गरिमा बनाए रखने और लोकतांत्रिक मूल्यों को मज़बूत करने के लिए प्रेरित किया। उनके आदर्श हमें विकसित भारत बनाने की दिशा में काम करते हुए राह दिखाते रहें।'

### राहुल ने संविधान निर्माता डॉ. आंबेडकर को किया याद

कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने डॉ. आंबेडकर को महापरिनिर्वाण दिवस पर याद करते हुए एक पोस्ट में लिखा, 'बाबासाहेब आंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। उनकी समानता, न्याय और मानवीय गरिमा की विरासत संविधान बचाने के मेरे संकल्प को मजबूत करती है और भारत और समावेशी और करुणाशील भारत बनाने में हमारे एकजुट संघर्ष को प्रेरित करती है।' संसद परिसर में डॉ. आंबेडकर को श्रद्धांजलि देने के बाद राहुल गांधी ने मीडिया से बात करते हुए कहा 'आंबेडकर जी एक आइकॉन हैं। उन्होंने पूरे देश को रास्ता दिखाया, उन्होंने हमें संविधान दिया। इसलिए, हम उन्हें याद करते हैं और उनके विचारों और संविधान की रक्षा करते हैं।

### पाकिस्तान-अफगानिस्तान में फिर बढ़ा तनाव, रातभर हुई जमकर गोलीबारी

पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच तनाव एक बार फिर बढ़ रहा है। दोनों देशों की सेनाओं के बीच देर रात सीमा पर गोलीबारी हुई लेकिन इस दौरान किसी के हताहत होने या किसी प्रकार नुकसान की कोई खबर नहीं मिली है। दोनों पक्षों ने पिछले दो महीने से लागू संघर्ष विराम समझौते का उल्लंघन कर गोलीबारी करने के लिए एक-दूसरे को जिम्मेदार ठहराया। सीमा पर तनाव कम करने और संघर्ष विराम को कायम रखने के उद्देश्य से अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच नवंबर में हुई बातचीत असफल रही थी लेकिन अक्टूबर में कतर की मध्यस्थता से किया गया संघर्ष विराम समझौता मुख्यतः कायम रहा।



गोलीबारी से एक दिन पहले ही पाकिस्तान ने कहा था कि वह संयुक्त राष्ट्र को चमन और तोरखम सीमा के रास्ते अफगानिस्तान में राहत सामग्री भेजने की अनुमति देगा। ये सीमाएं बढ़ते तनाव के कारण लगभग दो महीने से बंद हैं। पाकिस्तानी स्थानीय पुलिस अधिकारी मोहम्मद सादिक ने दावा किया कि गोलीबारी अफगानिस्तान की ओर से शुरू हुई और पाकिस्तानी सैनिकों ने चमन सीमा के पास जवाबी गोलीबारी की।

## बारिश और बर्फबारी की चेतावनी



**देहरादून।** उत्तराखंड में मौसम का बड़ा उलटफेर देखा जा रहा है। मौसम विभाग ने 3 दिन कुछ जिलों के ऊंचाई वाले इलाकों में बारिश या बर्फबारी की चेतावनी दी है। आज ही सूबे के ऊंचाई वाले इलाकों में मौसम में बदलाव देखा गया । वहीं कई इलाकों में बर्फ की चादर जमी हुई है।मौसम में हिमाचल प्रदेश के कुछ जिलों में भी दो दिन हल्की बारिश और बर्फबारी की संभावना है। बदलाव के कमजोर पश्चिमी विक्षोभ के कारण देखा जा सकता है।

**मेट्रो एंकर**

### इंद्रेश उपाध्याय और शिप्रा जयपुर में बने जीवनसाथी

## 100 पंडितों ने कराई शादी, साधु-संत और सेलिब्रिटीज का आशीर्वाद

जयपुर, एजेंसी

वृंदावन (मथुरा) के कथावाचक इंद्रेश उपाध्याय ने हरियाणा की शिप्रा शर्मा के साथ जयपुर में सात फेरे लिए। वैदिक रीति-रिवाज से हुई शादी की मुख्य रस्में करीब 3 घंटे तक चलीं। तिरुपति बालाजी मंदिर की तर्ज पर बनाए गए विवाह मंडप में दूल्हे के पीछे माता-पिता के साथ पंडित धीरेंद्र शास्त्री बैठे थे। फेरे की रस्म के दौरान देवी चित्रलेखा, भागवत प्रभु सहित कई साधु-संत और सेलिब्रिटी भी मौजूद रहे।इससे पहले कुमार विश्वास और धीरेंद्र शास्त्री ने दूल्हा-दुल्हन को शुभकामनाएं दीं। धीरेंद्र शास्त्री की शादी को लेकर कुमार ने मजाकिया अंदाज में कहा कि- अब इन्हीं का नंबर है।विवाह अवसर पर देश भर से बड़े-बड़े मेहमान आए। जयपुर के फाइव स्टार होटल ताज आमेर में आयोजित भव्य समारोह में शादी की रस्में आयोजित की गईं। शादी के मंडप में बागेश्वर महाराज पंडित धीरेंद्र शास्त्री दूल्हे के पीछे बैठे दिखे। मशहूर कवि और रामकथा वाचक कुमार विश्वास भी युवा जोड़े को आशीर्वाद देने जयपुर आए। गोवर्धन धीम पर आयोजित इस विवाह समारोह की हर तरफ चर्चा हो रही है।

तिरुपति बालाजी मंदिर की तर्ज पर सजाया गया शादी का मंडप शादी जयपुर के ताज आमेर होटल में वैदिक मंडप में हुई, जिसमें



मेहंदी, हल्दी और सात फेरे की रस्में संपन्न हुईं। विवाह में कई वीआईपी मेहमान और संत शामिल हुए। मंडप तिरुपति बालाजी मंदिर की तर्ज पर सजाया गया।

### संत-कथावाचक हुए शादी में शामिल

कथावाचक इंद्रेश उपाध्याय की शादी में बागेश्वर धाम के धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री, श्री मलूक पीठाधीश्वर संत राजेंद्र दास,कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर, पुंडरीक गोस्वामी, संत अलबेली माधुरी शरण और म्यूजिक इंडस्ट्री के जाने-माने गायक बी प्राक भी शामिल हुए। दिन में दोनों का वैदिक विवाह हुआ जिसमें 100 पंडितों ने दोनों की शादी कराई और रात में दोनों का आशीर्वाद समारोह हुआ। भजन और गीतों के बीच साधु-संत और सेलिब्रिटीज ने नवविवाहित जोड़े को आशीर्वाद दिया।

### दिन भर रंगारंग कार्यक्रम

आशीर्वाद समारोह और प्रीतिभोज में भी शादी समारोह का रंग खूब जमा। गीत और भजनों के बीच साधु, संत, कथा व्यास और सेलिब्रिटीज ने नवविवाहित जोड़े को आशीर्वाद दिया। वृंदावन की बहू शिप्रा को लेकर अब इंद्रेश महाराज अब वापस लौटेंगे। सोशल मीडिया पर उनके प्रशंसक लगातार वीडियो और तस्वीरों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते रहे।

## फ्रांस: ग्वाडेलोप में क्रिसमस की तैयारी कर रहे लोगों को कार ने कुचला

**पेरिस, एजेंसी।** फ्रांस के विदेशी इलाके ग्वाडेलोप के सैंटे-ऐनी में क्रिसमस इवेंट में एक बड़ा हादसा हो गया। यहां पर एक वाहन ने फंक्शन की तैयारी कर रहे लोगों को कुचल दिया। इस हादसे में कम से कम 10 लोगों की मौत हुई है। हादसे में 19 लोगों के घायल होने की भी खबर है। हादसे को लेकर रेडियो कैरिब्स इंटरनेशनेल ग्वाडेलोप ने बताया कि घायलों में तीन की हालत बेहद गंभीर है। बता दें कि यह घटना टाउन हॉल और चर्च के सामने शोएल्चर स्क्वायर पर हुई। यहीं पर क्रिसमस की तैयारी चल रही थी।



**10 की मौत और 19 घायल**

### घटना के बाद ड्राइवर मौके पर ही रहा

अधिकारियों ने बताया कि घटना की वजह साफ नहीं है। मामले में जांच शुरू कर दी गई है। अधिक जानकारी की प्रतीक्षा की जा रही है। गवाहों ने कहा कि ड्राइवर को गाड़ी चलाते समय शायद कोई मेडिकल इमरजेंसी हुई होगी, हालांकि इस थ्योरी की ऑफिशियली पुष्टि नहीं हुई है। खबर है कि घटना के बाद ड्राइवर मौके पर ही रहा। घटना के तुरंत बाद फायरफाइटर्स, पैरामेडिक्स और पुलिस ऑफिसर्स मौके पर पहुंचे। वहीं, शहर के मेयर भी कुछ देर में घटनास्थल पर पहुंच गए। उन्होंने घायलों के उपचार के लिए एक क्राइसिस टीम को एक्टिवेट किया। जिससे उन लोगों को तुरंत राहत मिल सके, जो इसमें प्रभावित हुए हैं।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **संपादक राजेश सिरोठिया**
**स्थानीय संपादक अनिल शर्मा*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-7963564